# मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम में पौड़ी पहुंचे थे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी**



पौड़ी में कांग्रेसियों को हिरासत में लेती पुलिस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** अपने दो दिवसीय भ्रमण के तहत पौड़ी पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी को काले झंडे दिखाने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने थाने के पास ही रोक कर हिरासत में ले लिया। हालांकि पुलिस ने थोड़ी देर बाद कांग्रेसियों को छोड़ दिया गया। इस दौरान कांग्रेसियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली।

रविवार को पौड़ी पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी को काले झंडे दिखाने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने थाने के पास ही रोक लिया। इस दौरान कांग्रेसियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। इस दौरान युवा कांग्रेसियों ने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने युवाओं पर लाठीचार्ज कर बहुत बड़ा अन्याय किया है। भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच की मांग कर रहे युवाओ की मांग सुनने की बजाय प्रदेश सरकार ने युवाओं पर लाठीचार्ज कर दिया। इस दौरान युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित सिंह, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष गौरव सागर ने कहा कि युवा सीएम के दौरे पर बेरोजगारों पर लाठीचार्ज किया गया है जोकि कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी, नगराध्यक्ष भरत सिंह, उपेंद्र, आस्कर रावत, अंकित सुंद्रियाल, आशीष नेगी, मोहित सिंह, युद्धवीर सिंह आदि शामिल थे।

## ग्रामीणों से संवाद कर की विकास कार्यों की समीक्षा

रुड़की। शासन से आए कार्यक्रम क्रियान्वयन अधिकारी ने लक्सर क्षेत्र के चार गांवों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग की ओर से विभिन्न योजनाओं के तहत गांवों में कराए गए विकास कार्यों की समीक्षा की। कार्यक्रम क्रियान्वयन अधिकारी संजीव कुमार शर्मा ने रविवार को लक्सर के मुबारिकपुर अलीपुर, कुआंखेड़ा, भिक्कमपुर जीतपुर और महाराजपुर खुर्द गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग के अलावा जल निगम, ऊर्जा निगम, उद्यान, कृषि, आपूर्ति, लोक निर्माण विभाग की ओर से गांव में कराए गए कार्यों की समीक्षा की। साथ ही इनसे गांव के लोगों को हुए फायदे की भी जानकारी ली। उन्होंने ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, बीडीसी सदस्य और अन्य ग्रामीणों से बात कर उनकी समस्याएं भी जानी। अधिकांश गांव में लोगों ने उन्हें जल निकासी की व्यवस्था न होने की परेशानी बताई। कुछ जगह ग्रामीणों ने पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध न होने की समस्या उठाई, और आगामी गर्मी के सीजन को देखते हुए गांव में सरकारी हैंडपंप और पेयजल ओवरहेड टैंक बनाने की मांग की। अधिकारी ने इसका प्रस्ताव शासन को भेजने का भरोसा दिया।

# सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहन, जाम हो रहा शहर

## अव्यवस्थाओं के कारण बेपटरी हो रहा शहर का यातायात



कोटद्वार के देवी रोड में लगा वाहनों का लंबा जाम ।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में यातायात व्यवस्था लगातार बेपटरी होती जा रही है। सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहन व रेहड़ी ठेली जाम का मुख्य कारण बन रही है। लाख शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम शहर में पार्किंग स्थल की व्यवस्था नहीं कर पा रहा है।

पुलिस व नगर निगम शहर में व्यवस्थाओं को सुधारने के दावे कर रहे हैं। लेकिन, धरातल की स्थिति कुछ और ही बयां कर रही है। सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन व जगह–जगह घूमने वाली रेहड़ी–ठेली जाम का मुख्य कारण बन रही है। रविवार को देवी रोड, नजीबाबाद रोड व बदरीनाथ मार्ग में वाहनों का लंबा जाम देखने को मिला। जाम के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। नजीबाबाद चौराहे में तैनात पुलिस को जाम खुलवाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। देवी रोड निवासी संजय सिंह, रजत कुमार ने बताया कि शहर में पार्किंग स्थल नहीं होने के कारण व्यवस्थाएं बेपटरी होती जा रही है। अधिकांश व्यक्ति अपने वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर बाजार घूमने निकल जाते हैं। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। यातायात निरीक्षक शिव कुमार ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क किनारे बेतरतीब वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी है।

# निशुल्क नेत्र शिविर का 82 लोगों ने उठाया लाभ



कोटद्वार में आयोजित नेत्र शिविर का लाभ उठाते लोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** रोटरी क्लब कोटद्वार के तत्वावधान में हिमालय अस्पताल जौलीग्रान्ट के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 82 मरीजों का परीक्षण किया गया तथा 6 मरीजों को ऑपरेशन के लिये जौलीग्रान्ट भेजा गया ।

नजीबाबाद रोड स्थित रोटरी भवन मे आयोजित उक्त शिविर का शुभांरभ हिमालय अस्पताल जौलीग्रान्ट के प्रशासनिक अधिकारी मनोज कुमार ने किया । इस अवसर पर उन्होने कहा कि नेत्र व्यक्ति का महत्वपूर्ण अंग है जिससे व्यक्ति पूरी दुनिया देख सकता है। यह हमेशा सही रहना चाहिये, समय समय पर अपनी नेत्र जांच कराती रहनी चाहिये। जांच की सुविधा के लिये समय समय पर इस प्रकार के कैम्प लगाये जाते है। क्लब के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने सभी अतिथियो का स्वागत किया तथा बताया कि नेत्र शिविर हर माह के दूसरे रविवार को लगाया जायेगा। शिविर मे कुल 82 मरीजों का नेत्र परीक्षण हिमालय अस्पताल जौलीग्रान्ट के अनुभवी व नेत्र विशेषज्ञ डा महक द्वारा किया गया । शिविर मे दवाई व चश्मे भी वितरित किये गये । मरीजों की शुगर की भी जांच व ब्लड प्रेशर भी चैक किया गया ,साथ ही 6 मरीजों को ऑपरेशन हेतु जौलीग्रान्ट भेजा गया। इस अवसर पर सोनिया,विक्रम सिंह ने भी सहयोग किया। इस मौके पर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ,सचिव ऋषि ऐरन, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, विजय कुमार माहेश्वरी, अनिल भोला, गोपाल बंसल, डी पी सिंह, अशोक अग्रवाल,पूर्व सदस्य अनिल अरोड़ा ,हरिश नेगी, गोपाल बंसल आदि मौजूद रहे।

# समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे सरकारी योजनाओं का लाभः महाराज



हरिद्वार में मुख्यमंत्री अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना का शुभारंभ करते काबीना मंत्री सतपाल महाराज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

हरिद्वारः लोकनिर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय का कहना था कि जब तक समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं पहुंचता तब तक विकास अधूरा है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज के प्रत्येक व्यक्ति के हित को देखते हुए योजनाएं बना रही है।

यह बात सतपाल महाराज ने रविवार को लक्सर रोड स्थित देशराज फार्म हाउस में मुख्यमंत्री अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना का शुभारंभ करते हुए कही। कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था कि देश की हर जन कल्याणकारी योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना चाहिए। सरकार की योजनायें "समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के लिए बननी चाहिए। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से उनके अंत्योदय के इसी सिद्धांत को परिलक्षित करते हुए "मुख्यमंत्री अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना का शुभारम्भ किया गया है। इस योजना के तहत राज्य में अंत्योदय कार्ड धारकों के 1.84 लाख परिवारों को सालाना 3 निशुल्क गैस रिफिल का लाभ मिलेगा। कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में प्रचलित अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को वित्तीय वर्ष–2022–23 "मुख्यमंत्री अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना" की घोषणा की गयी थी जिसमें जनपद में प्रचलित अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को वित्तीय वर्ष 2022–23 में 3 गैस रिफिल निःशुल्क उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसके पश्चात जनपद में प्रचलित अन्त्योदय राशन कार्डधारकों के डाटा को गैस एजेन्सियों के माध्यम से एलपीजी आईडी से मैपिंग की गयी एवं राशनकार्ड धारकों का जारी एलपीजी कनेक्शन एवं कनेक्शनधारियों के खातों में सब्सिडी का अन्तरण करना। शासनादेशानुसार जिसके प्रथम चरण में अप्रैल से जुलाई, 2022 तक एक निःशुल्क गैस रिफिल की सब्सिडी को खाते में अंतरित किया जाना, एवं दूसरे चरण में अगस्त से नवंबर 2022 के मध्य द्वितीय निःशुल्क गैस रिफिल की सब्सिडी को खाते में में अंतरण करना एवं योजना के तृतीय चरण में दिसंबर से मार्च 2023 के मध्य तृतीय निःशुल्क गैस रिफिल की सब्सिडी को अन्तयोदय कार्डधारक के खाते में हस्तांतरित किया जायेगा। महाराज ने कहा कि जनपद हरिद्वार में प्रचलित अन्त्योदय राशन कार्डधारकों के सापेक्ष अद्यतन स्थिति तक गैस एजेन्सियों द्वारा गैस एजेन्सी यथा भारत पेट्रोलियम गैस एजेन्सी के द्वारा अप्रैल–जुलाई, 2022 में 2200 गैस रिफिल अगस्त–नवंबर में 5650 दिसम्बर– मार्च में 4309, गैस रिफिल की सब्सिडी को अन्त्योदय कार्डधारकों के खाते में अंतरित की गयी। इसी प्रकार हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपी गैस) के द्वारा अप्रैल–जुलाई 2022 में 893, अगस्त– नवंबर में 3727 दिसम्बर–मार्च में 2433 एवं इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड (आईओसी) के द्वारा अप्रैल–जुलाई 2022 में 2453, अगस्त–नवंबर में 7382 दिसंबर–फरवरी में 4082 गैस रिफिल का कार्डधारकों में अन्तरण किया गया। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल 33,129 निःशुल्क गैस रिफिल की सब्सिडी अन्त्योदय कार्डधारकों के खाते में अन्तरित की गयी है। जिसका कार्य अभी भी जारी है, इसी क्रम में उत्तराखण्ड राज्य के जनपद हरिद्वार में मुख्यमंत्री अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना का शुभारम्भ किया गया है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, भाजपा जिला प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बिष्ट, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, पूर्व मंत्री एवं हरिद्वार विधायक मदन कौशिक, रानीपुर विधायक आदेश चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी एवं जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश पाल सहित खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# महिला हित को ध्यान में रखकर बनाया गया है बजट



कोटद्वार में बजट की जानकारी देते भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी।

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार ।** राजकीय बालिका इंटर कालेज कोटद्वार में बजट पर चर्चा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने महिलाओं को छात्राओं को बजट की जानकारी दी। कहा कि केंद्र सरकार ने महिला हितों को ध्यान रखकर बजट बनाया है। कार्यशाला में जानकारी को अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचाने की अपील की गई।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से राजकीय बालिका इंटर कालेज कोटद्वार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रदेश मीडिया प्रभारी नेता शर्मा ने महिलाओं को बजट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं को हित को देखते हुए बजट जारी किया है। अमृत काल के इस बजट में केंद्र की मोदी सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया है। उन्होंने कहा कि बजट में महिला बचत सम्मान पत्र की सौगात के माध्यम से दो वर्ष के लिए दो लाख की राशि पर 7.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर का प्रावधान किया गया है। स्वयं सहायता समूह के लिए सहायक नीतियों से महिला आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। उत्तराखंड में रेल सुविधाओं के बजट में 5004 करोड़ रूपये का प्रावधान किए गया है। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रकीर्ण नेगी, मंडल अध्यक्ष पंकज भाटिया, मंडल अध्यक्ष भाबर पूनम खंतवाल, जिला सोशल मीडिया प्रभारी प्रीति कुलाश्री, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी आशा बलूनी, शशि केष्टवाल, नीनी बेंजवाल, सुनीता नेगी आदि मौजूद रहे।

## जलभराव की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया

रुड़की। कृष्णा नगर टीचर्स कॉलोनी के रहने वाले लोगों ने जलभराव की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम प्रशासन को कई बार शिकायत की गई, लेकिन समस्या का हल आज तक नहीं हो पाया है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि जलभराव की वजह से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। टीचर्स कॉलोनी के रहने वाले मनोज राणा ने बताया कि उनके ओर से सीएम पोर्टल पर भी इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत की गई है। लेकिन नगर निगम शिकायत पर सिर्फ खानापूर्ति करता आ रहा है। नगर निगम से सिर्फ एक या दो कर्मचारी आते हैं और थोड़ा–बहुत काम कर मौके पर मौजूद लोगों के हस्ताक्षर करवा कर लौट जाते हैं। अरविंद कुमार का कहना है कि चुनाव के समय इस समस्या का हल करने का जो वादा किया गया था उस पर भी कोई अमल अभी तक नहीं किया गया है। क्षेत्र में जल निकासी न होने के कारण इस समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। लोगों ने नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी कर अपना रोष प्रकट किया।

प्रदर्शन में मनोज राणा, सरिता राणा, बृजभूषण शर्मा, केपी यादव, किशन सिंह यादव, जोगिंदर चौधरी, ध्रुव, बृजेश शर्मा, सरिता देवी और अभिषेक यादव आदि शामिल रहे।

# उम्मीदों को नहीं लगे पंख, नालियां भी साफ नहीं कर पा रहा निगम



कोटद्वार के बदरीनाथ मार्ग में नाली चोक होने से सड़क किनारे जमा गंदगी।

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** नगर निगम बनने के बाद उम्मीद थी कि बेहतर सुविधाओं का लाभ मिलेगा। लेकिन, नगर निगम पांच साल में भी जनता की उम्मीदों पर खड़ा उतरता हुआ नहीं दिखाई दे रहा है। हालत यह है कि शहर में जगह–जगह नालियां चौक पड़ी हुई है। नतीजा, सड़कों पर बह रही गंदगी से आमजन को संक्रामक बीमारियों का खतरा सताने लगा है। बावजूद नगर निगम गहरी नींद से जागने को तैयार नहीं है।

जनता को बेहतर सुविधाओं का लाभ मिले, इसके लिए वर्ष 2018 में नगर निगम का गठन किया गया था। लेकिन, पांच वर्ष बीतने को हैं व हालत जस के तस बने हुए हैं।

बाजार से लेकर भाबर तक अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। सबसे बड़ी समस्या सड़कों के किनारे चोक पड़ी नालियों से बहता गंदा पानी है। जगह–जगह जमा गंदा पानी बीमारियों को न्यौता दे रहा है। शहरवासी सत्यपाल सिंह, महेंद्र कुमार ने बताया कि कुछ माह पूर्व नगर निगम ने बदरीनाथ मार्ग मुख्य डाकघर से तहसील तिराहे तक करीब पांच लाख रुपये की लागत से नाली की मरम्मत करवाई थी। लेकिन, यह नाली भी चोक पड़ी हुई है। दुर्गंध के कारण आसपास के व्यापारियों का अपने प्रतिष्ठानों में बैठना भी मुश्किल हो गया है। सबसे बुरी स्थिति सुबह व शाम के समय बनी रहती है। यही स्थिति आमपड़ाव, लकड़ीपड़ाव, गोविंदनगर, मानपुर, देवी रोड सहित भाबर क्षेत्र के कई स्थानों पर बनी हुई है। शिकायत के बाद भी नगर निगम समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा।

# सनातन सेवा समिति पदाधिकारियों ने की मानव संरक्षण एवं भ्रष्टाचार निवारक समिति अध्यक्ष से भेंट

बागेश्वर। मानव संरक्षण एवं भ्रष्टाचार निवारक समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ललित मोहन जोशी से सनातन सेवा समिति के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। रविवार लोनिवि विभाग के विश्राम ग्रह में शिष्टाचार भेंट की।

समिति के अध्यक्ष ने बताया की नशा एक कैंसर की भांति फैल रहा है इसे जड़ से उखाड़ होगा। साथ ही समाज के हर व्यक्ति को अब खुल कर आगे आना होगा। इस मौके पर समिति के महासचिव गणेश उपाध्याय उपाध्यक्ष, गिरिश जोशी, एडवाइजर तनुज तिरुवा, व्यवस्थापक हरीश बिष्ट, सह सचिव हडसन ऐठानी, कपकोट ग्राम प्रधान



प्रतिनिधि नवीन कपकोटी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य तारा कपकोटी आदि मौजूद रहे।

## नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी

चम्पावत। जीआईसी रैंसाल में संकुल स्तरीय सपनों की उड़ान कार्यक्रम हुआ। इस दौरान छात्र–छात्राओं को प्राणायाम से नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। तमाम प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ। प्रधानाचार्य शंकर राम की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में निबंध, वाद विवाद, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रवक्ता ललित मोहन ने प्राणायाम की जानकारी दी। उन्होंने छात्र–छात्राओं से नशे से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम में विदुषी सक्सेना, सविता गोस्वामी, कमला गोस्वामी, मोहन कलौनी, राहुल खर्कवाल, गिरीश पुनेठा, छत्रपाल सिंह, नवल किशोर, प्रदीप गौड़, रमेश महराना, होशियार लाल मौजूद रहे।

# महल हत्याकांड के आरोपी काला ने भेजा एक और धमकी का मैसेज

रुद्रपुर। त्रेशर मालिक महल सिंह हत्याकांड के आरोपी हरजीत सिंह उर्फ काला ने एक और धमकी भरा मैसेज भेजा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कुंडेश्वरी क्षेत्र के ग्राम गुलजारपुर निवासी जगप्रीत सिंह पूरेवाल पुत्र लखविंदर सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। कहा कि ग्राम जुड़का निवासी उसके बिजनेस पार्टनर महल सिंह की 13 अक्टूबर 2022 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ग्राम गुलजारपुर, हाल कनाडा निवासी हरजीत सिंह उर्फ काला ने दो सूटरों को भेज कर हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। एनआरआई हरजीत सिंह उर्फ काला द्वारा बतौर एडमिन एक वाट्सएप ग्रुप चलाया जा रहा है। जिसमें उसने धमकी भरा मैसेज पोस्ट किया है। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि काला ने मैसेज में लिखा कि विकेट गिरेगा, फिर दूसरा मैसेज में विकेट तो गुलजारपुर में भी गिरेगा व तीसरे मैसेज में उसने पी यू एल पोस्ट किया गया है। मैसेज में सीधा संबंध पीड़ित व्यक्ति से है। वह पूर्व में भी उसको वाट्सएप पर काल कर जान से मारने की धमकी दे चुका है। पीड़ित ने कहा कि वाट्सएप ग्रुप में गुरजीत सिंह बड़वा निवासी गुलजारपुर की भी संलिप्तता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## तेज आंधी चलने से टिनशेड में गिरा पेड़

चम्पावत। टनकपुर में रविवार को एकाएक मौसम का मिजाज बदल गया। दोपहर में यहां अचानक आई आंधी से एक बड़ा पेड़ टिन शेड पर गिर गया। इससे व्यापारी के सामान को काफी नुकसान पहुंचा है। टनकपुर में रविवार दोपहर को अचानक मौसम में बदलाव आ गया।

# तड़ागी इलेवन और बिछुआ स्ट्राइकर के बीच होगा फाइनल

चम्पावत। बिछुआ स्ट्राइकर की टीम पूर्णागिरि प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंच गई है। सेमी फाइनल मुकाबले में उसने बीआरडब्ल्यू की टीम को सात रन से हराया। टनकपुर स्टेडियम में रविवार को बीआरडब्ल्यू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। बिछुआ स्ट्राइकर ने निर्धारित 15 ओवर में 135 रन बनाए। सचिन ने 57, कुलदीप राय ने 21 रन बनाए। बीआरडब्ल्यू के कुलदीप ने दो विकेट लिए। जवाब में बीआरडब्ल्यू की आठ विकेट में 128 रन बना कर आउट हो गई। कमल सिंह ने 49 रन बनाए। बिछुआ स्ट्राइकर के किशन ने चार और गुड्डू ने दो विकेट लिए। निर्णायक दीपक पचौली और दीपक पांडेय, स्कोरर मुकेश जोशी, कामिनी रहे। आंखों देखा हाल दीपक सेठी ने सुनाया। आयोजक रिपुदमन सिंह तड़ागी, ऋषि उपाध्याय, महेंद्र बंसल, विकास सिंह, पवन सिंह ने बताया कि फाइनल मैच तड़ागी इलेवन और बिछुआ स्ट्राइकर के बीच खेला जाएगा।

## नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी

चम्पावत। जीआईसी रैंसाल में संकुल स्तरीय सपनों की उड़ान कार्यक्रम हुआ। इस दौरान छात्र–छात्राओं को प्राणायाम से नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। तमाम प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ। प्रधानाचार्य शंकर राम की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में निबंध, वाद विवाद, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रवक्ता ललित मोहन ने प्राणायाम की जानकारी दी। उन्होंने छात्र–छात्राओं से नशे से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम में विदुषी सक्सेना, सविता गोस्वामी, नवल किशोर, प्रदीप गौड़, रमेश महराना, होशियार लाल मौजूद रहे।

## 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

रुद्रपुर। कुंडा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का आबकारी अधिनियम में चालान किया है। कुंडा थाने में तैनात उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल बलवंत सिंह ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम केसरीपुर थाना कुंडा निवासी दिनेश सिंह पुत्र अमर सिंह को गणेशपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से प्लास्टिक की जरीकेन में 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का आबकारी अधिनियम में चालान किया है।

# कांग्रेसियों ने हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकाली

सितारगंज , नकुलिया में महिला कांग्रेस कार्यकत्रियों ने हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकाली। कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार पर आम जनता के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रेखा सोनकर और महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जानकी कोहली ने किया। कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा ने देश में नफरत फैला दी है। कांग्रेस हाथ से हाथ जोड़कर देश में प्रेम और एकता का का संदेश दे रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में यात्रा कर रहे हैं। महिला नेत्रियों ने कहा कांग्रेस गांव, मोहल्लों में यात्रा निकालकर प्रेम का संदेश दें। इस दौरान




सुमित्रा देवी को महिला कांग्रेस नकुलिया बूथ अध्यक्ष बनाया गया। यहां शक्तिफार्म ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, बाबूराम, वसीम मियां, सरस्वती बाला, विद्या यादव, धर्मा देवी, उषा, हेमा, दीपा देवी, सावित्री देवी, गीता देवी, निर्मला, चमन, तारा देवी, सिराजुद्दीन रहे।

# नेता प्रतिपक्ष की अगुवाई में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

हल्द्वानी। देहरादून में युवाओं पर हुए लाठीचार्ज और उन पर दर्ज मुकदमों से आक्रोशित कांग्रेसियों ने रविवार को तिकोनिया स्थित पं. गोविंद बल्लभ पार्क में धरना प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और विधायक सुमित हृदयेश की मौजूदगी में कांग्रेसियों ने राज्य सरकार पर युवाओं के दमन का आरोप लगाया। कहा कि लाठी से पीटने के बाद युवाओं को झूठे मुकदमे लगाकर जेल में डाला जाना लोकतंत्र की हत्या है। कांग्रेस इसके खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष कर युवाओं को न्याय दिलाएगी। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने हाथ में तख्तियां लेकर भर्ती घोटालों



की सीबीआई जांच की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि प्रदेश की आम जनता और युवाओं की तरह कांग्रेस की भी मांग है कि सुप्रीम कोर्ट के जज की निगरानी में सीबीआई जांच होने तक सभी परीक्षाएं स्थगित कराई जाएं। सवाल उठाया कि युवाओं के हक में भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच कराने से आखिर सरकार को परहेज क्यों है। उन्होंने दून में गिरफ्तार किए गए युवाओं के मुकदमे वापस लेने की भी मांग की। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि जब आयोग का पूरा क्वेश्चन बैंक ही लीक हो चुका है तो पटवारी भर्ती परीक्षा कराने का कोई औचित्य नहीं बनता है। लेकिन भाजपा सरकार गूंगी–बहरी हो चुकी है। देहरादून में जिस तरह युवाओं पर सरेआम लाठियां बरसाई गईं वो श्रीनगर के लाल चौक जैसा नजारा था। विधायक ने मांग उठाई कि मुख्यमंत्री धामी समेत उनकी पूरी कैबिनेट को एक साथ इस्तीफा दे दना चाहिए।

## कांग्रेस ने निकाली हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

हल्द्वानी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में हाथीडंगर से बासीटीला, देवीपुर, ठेरी, उमेदपुर गुरुद्वारा, भवानीपुर, धनपुर चौराहे तक हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा निकाली गई। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, मालधन अध्यक्ष ओमप्रकाश, नज़ाकत अली, ताइफ़ खान, राहुल नेगी, मोहम्मद अजमल, मोहम्मद मुजीब, चांद खान, नवीन सुनेजा, अनिल अग्रवाल, किशोरी लाल, सतेश्वरी रावत, नदीम कुरैशी, जावेद खान, देवेंद्र चंदोला, धीरज रावत, महेंद्र प्रताप आदि शामिल रहे।

# शैली स्कूल में कार्यक्रमों का आयोजन किया

सितारगंज, शैली स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान पांचवीं के छात्रों ने कवि सम्मेलन से समा बांध दिया। इस अलावा छात्र–छात्राओं की माताओं के बीच प्रतियोगिता भी कराई गई।

कार्यक्रमों का शुभारंभ सीएमडी राजेश शैली, इंदू शैली, स्कूल की प्रभारी संतोष नेगी, को–ऑर्डिटर कुलदीप कौर और वित्त प्रबंधक पुष्कर सिंह नेगी ने किया। सीएमडी शैली ने बच्चों को माता–पिता का सम्मान करने, उनके साथ समय बिताने और अपनी हर समस्या को उनसे साझा करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्र–छात्राओं की माताओं की प्रतियोगिता भी कराई गई। विजयी माताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। एलकेजी, यूकेजी व कक्षा एक के बच्चों की गीत प्रतियोगिता भी हुई। पांचवीं के छात्रों ने कवि सम्मेलन में समा बांध दिया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। श्री चेतन्य ग्रुप के ऑनर राकेश शर्मा ने ग्रुप से जुड़ी जानकारी को साझा किया। यहां पायल धमीर, विनीति, पारूल भट्ट, प्रभा बोरा, गीता, सरिता, प्रियंका गहतोड़ी, रूप, रमन, राखी, संदीप रंधावा, घनश्याम, कुलजिंदर सिंह रहे।

## रामनगर वन प्रभाग में हुई पक्षियों की गणना

हल्द्वानी। रामनगर वन प्रभाग के देचौरी रेंज अंतर्गत बर्ड फेस्टिवल कार्यक्रम में पक्षी विशेषज्ञ बच्ची सिंह बिष्ट, नवीन उपाध्याय और उनकी टीम ने रेंजर ललित मोहन जोशी के साथ बर्ड वाचिंग ट्रेल में पीसीआर के अंतर्गत पाए जाने वाले पक्षियों की गणना की।

रेंजर ने बताया कि पक्षियों के लिए अनुकूल वातावरण होने के कारण देचौरी रेंज के पवलगढ़ संरक्षण आरक्षित वन क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं।

# अखण्ड महानाम संकीर्तन प्रारम्भ



सितारगंज ,देवभूमि बैकुंठपुर शक्तिफार्म नंबर 1 में अखण्ड महानाम संकीर्तन प्रातः 6 बजे से प्रारंभ हुई । जीव मात्र के उद्धार और समस्त संसार की मंगल के लिए हरिनाम नाम एकमात्र सहारा है।अखण्ड महानाम संकीर्तन में भारत के सुदूर क्षेत्र से कीर्तन मंडली ॐ शांति हरि संप्रदाय दिनेशपुर, श्री श्री गोपाल संप्रदाय, हरि गोपाल संप्रदाय,राधारानीसंप्रदाय,राधा कृष्णसंप्रदाय,नित्य लीला संप्रदाय,हरिनाम संकीर्तन के लिए बैकुंठपुर पहुंच चुके है। आजादी के बाद बसाए गए शक्तिफार्म के ग्राम बैकुंठपुर में विगत 50 वर्षो से प्रतिवर्ष अखंड हरिनाम संकीर्तन होते हुए आ रहे है।

बृंदावन से आए पुरोहित श्री श्री हरिप्रिया दास जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर प्रातः 6 बजे अखंड महानाम संकीर्तन हरे कृष्ण हरे राम की मधुर महानाम को प्रारंभ किया जो बिना रुके अविरल तीन तक चलता रहेगा।इस अवसर पर आयोजक समिति के संरक्षक राम चन्द्र राय,सतीश सरकार,सुभाष सरकार, पंचानन मंडल,आनंद राय, रोहित सरकार,अनिमेष, हरेकृष्ण बैरागी,नंद गोपाल बैरागी,रविंदर सिंह, राणा सरकार,दीपांकर सरकार ,मनोज मंडल आदि लोग मौजूद थे।

## कड़ी सुरक्षा के बीच हुई राजस्व उपनिरीक्षक की परीक्षा

सितारगंज, राजस्व उपनिरीक्षक परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। रविवार को सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों की सुरक्षा चेकिंग के बाद ही कक्षों में जाने की अनुमति मिली। केंद्र में 203 परीक्षार्थियों का रजिस्ट्रेशन था। इसमें 144 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। जबकि 59 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पुरुष अभ्यर्थी 128 में 91 और महिला अभ्यर्थियों में 53 में 37 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी भूपेंद्र बृजवाल, पुलिस बल और खुफिया विभाग के अफसर केंद्र में डटे रहे। कई लेयरों में अभ्यर्थियों की जांच की जा रही थी। नगर के होटलों पर भी खुफिया विभाग की नजरें थी। पिछली बार हुई परीक्षा में 203 में से 140 छात्रों ने परीक्षा दी थी। पिछली बार 63 अभ्यर्थी अनुपस्थित थे। इस बार पिछली बार से तीन अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

# पूर्व सैनिकों की बैठक आयोजित

रुद्रपुर। ग्राम सभा बगिया घाट एवं ग्राम सभा बिचपुरी में पूर्व सैनिक संगठन द्वारा पूर्व सैनिकों तथा वीर नारियों की गोष्टी आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष कैप्टन गंभीर सिंह धामी द्वारा की गयी। गोष्ठी में पूर्व सैनिकों तथा वीर नारियों को केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वालों वित्तीय सहायता एवं अनुदान के द्वारा मिलने वाली सुविधाओं तथा पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं के बारे में जानकारी एवं निराकरण हेतु विस्तृत चर्चा की गयी तथा कुछ विन्दुओं समाधान भी किया गया। ग्राम सभा बगिया घाट के अध्यक्ष पद हेतु कैप्टन नरेश कालोनी एवं उपाध्यक्ष पद हेतु सूबेदार मेजर दिवान सिंह, सचिव नरेन्द्र सिंह खड़ायत एवं ग्राम सभा बिचपुरी के अध्यक्ष पद हेतु कैप्टन निरंजन सिंह , उपाध्यक्ष सुवेदार उमेद सिंह सामंत को ग्राम वासियों द्वारा सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया । बैठक में कैप्टन गम्भीर सिंह धामी,सूबेदार मेजर धन सिंह सामन्य, सूबेदार दान सिंह बोरा, सूबेदार होशियार सिंह बोरा, सुवेदार दान सिंह धामी मौजूद रहे।

# पर्यटन व उद्यान विभाग मिलकर करेंगे किसानों को सशक्त

बागेश्वर। जिले के गांवों की तस्वीर अब औद्यानिक पर्यटन (हार्टी टूरिज्म) से बदलेगी। पर्यटन व उद्यान विभाग मिलकर कसानों को सशक्त करेंगे।

जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि पारंपरिक खेती के साथ–साथ फल, फूल व सब्जी उत्पादन किसानों की आय वृद्ध करेगा। जनपद को अपार प्राकृतिक संपदा से नवाजा है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं है।

जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने जनपद के दूरस्थ क्षेत्र शामा–लीती क्षेत्र भ्रमण के दौरान अधिकारियों से कहा गांवों के विकास से ही किसी राज्य और देश के विकास का प्रारूप तैयार होता है। हमारा लक्ष्य गांवों का समुचित विकास करना होना चाहिए।

## डीएम ने किया थरकोट झील का निरीक्षण

पिथौरागढ़। डीएम ने थरकोट झील का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग को झील का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी रीना जोशी ने बीते रोज झील का निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता सिंचाई कमलेश पांडे को उन्होंने झील कि ओर हो रहे भू कटाव को रोकने के लिए भी कार्ययोजना बनाने के आदेश दिए।

# स्वास्थ्य शिविर में 250 लोगों की जांच की



पिथौरागढ़। नगर में सीमांत सेवा फाउंडेशन और सिटी हॉस्पिटल ने संयुक्त तौर पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर रोगियों की जांच की। इस दौरान दवा का वितरण भी किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित शिविर का शुभारंभ बीते रोज वरिष्ठ पत्रकार जीवन धानिक और कैमिस्ट एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष कमलेश पंत ने किया। धानिक ने सीमांत सेवा फाउंडेशन और सिटी हॉस्पिटल के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान 250 लोगों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरित की। यहां सीएचसी प्रीभारी डॉ. सिद्धांत पाटनी, डॉ.सिद्धांत पाटनी, डॉ. संजीव, कमलेश पंत, कमल पंत, कैलाश चन्याल, राजेश रावत, हनुमान रावत, मोनू खडायत, धीरज जोशी, दीक्षा कार्की, निशा पंत आदि मौजूद रहे।

## चोरों ने बंद घर से नकदी–जेवरात उड़ाये

रुद्रपुर। वार्ड नं 3 में बंद घर में घुसकर चोरों ने नगदी और जेवर चोरी कर लिये। गृह स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रविवार को हसनैन पुत्र हिदायत शाह निवासी वार्ड 3 इस्लामनगर ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने कहा वे 10 फरवरी को यूपी गये थे। शनिवार शाम जब वापस लौटे तो घर के मेन गेट का ताला खुला था। दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने छत में चढ़कर देखा तो सीढ़ी का दरवाजा खुला था। बताया चोर घर से दो जोड़ी सोने की झुमकी, नाक की सोने की नथ, गले का सोने का पैंडल, चांदी के पाजेब और 50 हजार की नकदी चोरी कर ले गए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 25 पेटी अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

अल्मोड़ा। धौलछीना पुलिस ने एक व्यक्ति को 25 पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तस्करी में लिप्त वाहन को सीज कर दिया है। दरअसल, अल्मोड़ा एसएसपी प्रदीप कुमार राय के निर्देशन में जनपद पुलिस का नशे के कारोबार में लिप्त तस्करों को पकड़ने का अभियान जारी है। धौलछीना पुलिस ने शनिवार रात एक वाहन में 25 पेटी अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जमराडी काफलीगैर मार्ग में लंबे समय से शराब की तस्करी की जा रही है। शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे पुलिस ने काफलीगैर से जमराडी की तरफ आ रहे वैगनआर संख्या यूके–01ए–9557 को




रोककर चेक किया, वाहन से 25 पेटी गुलाब देसी शराब बरामद हुई। यह शराब काफलीगैर से जमरानी बैंड की तरफ लाई जा रही थी। मौके पर आरोपी वाहन चालक जीवन सिंह रौतेला पुत्र ईश्वरी सिंह रौतेला निवासी काफलीगैर, थाना झिरौली बागेश्वर को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि नशे के खिलाफ मुहिम आगे भी जारी रहेगी शराब और चरस के तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष सुशील कुमार, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र नेगी, कांस्टेबल कुंदन लाल शामिल रहे।

# रुद्रप्रयाग में 26 लाभार्थियों को दिया योजना का लाभ

रुद्रप्रयाग। जनपद में मुख्यमंत्री अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना का शुभारंभ पशुपालन एवं जनपद प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया। इस दौरान जनपद के 26 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया। कलक्ट्रेट स्थित सूचना विज्ञान कार्यालय में जनपद प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने यहां मौजूद अंत्योदय कार्डधारकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कहा कि सरकार द्वारा महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना शुरू की गई है जिसके माध्यम से अंत्योदय कार्ड धारकों को साल भर में निःशुल्क तीन गैस रिफिल सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। उनके द्वारा जमा की गई धनराशि उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। मौके पर विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा महत्वकांक्षी योजना शुरू की गई है जिससे आर्थिक कमजोर लोगों को अत्यधिक लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि जिले में 3808 अंत्योदय कार्ड धारक हैं। जबकि अप्रैल माह 2022 से अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को 2 गैस सिलेंडर पर निःशुल्क गैस रिफिल दिए गए हैं। वर्तमान में तृतीय निःशुल्क गैस रिफिल दी जा रही है। जनपद रुद्रप्रयाग में अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को अब तक 4080 निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल दी जा चुकी है जिससे डीबीटी के माध्यम से 40 लाख, 24 हजार, 2 सौ 95 रुपए की धनराशि लाभार्थियों के खाते में स्थानांतरित की जा चुकी है। इस मौके पर जिला पूर्ति अधिकारी केके अग्रवाल द्वारा योजना की व्यापक जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के शुभारंभ मौके पर जनपद के 26 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया। जिनमें भरत सिंह, सुनीता देवी, मुखारी देवी, सपरी लाल, पप्पू लाल, विजय लाल, दीपा देवी, विजेंद्र सिंह, सुरेशी देवी, नरेंद्र लाल, चंद्रा देवी आदि शमिल है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर सिंह पंवार, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश उनियाल, केदारनाथ विधायक प्रतिनिधि वेद प्रकाश सेमवाल, महामंत्री भारत भूषण भट्ट, ओम प्रकाश बहुगुणा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन किशन सिंह रावत द्वारा किया गया।

## रुद्रप्रयाग में पटवारी परीक्षा में शामिल हुए 1388 अभ्यर्थी

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राजस्व उपनिरीक्षक (पटवारी/लेखपाल) परीक्षा जिले में शांतिपूर्वक संपन हुई। इस दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए विशेष तैयारियां की गई। जनपद के 8 परीक्षा केंद्रों में कुल 1388 अभ्यर्थी शामिल हुए।

जनपद में पटवारी/लेखपाल परीक्षा के लिए जनपद में कुल 2107 अभ्यर्थियों में से 1388 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 719 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। राइंका रुद्रप्रयाग, राबाइंका रुद्रप्रयाग, गुरु रामराय पब्लिक स्कूल तिलणी, राजकीय पॉलीटेक्निक रतूड़ा, राइंका रतूड़ा, राइंका अगस्त्यमुनि, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि, अनूप नेगी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गुलाबराय आदि विद्यालयों में परीक्षा संपन कराई गई। अपर जिलाधिकारी/नोडल अधिकारी परीक्षा दीपेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि जनपद में राजस्व उपनिरीक्षक की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन हुई। इसके लिए करीब 450 कार्मिकों एवं शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब 60 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी।

## उत्तराखंड सेब उत्पादक किसान संघ की बैठक हुई आयोजित




रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड सेब उत्पादक किसान संघ की मुख्यालय में गढ़वाल मंडल की पहली बैठक आयोजित की गई। जिसमें किसानों को सेब की खेती के गुर बताए गए। उत्तराखंड के उंचाई वाले इलाकों को सेब उत्पादन के लिए अनुकूल बताया गया। इस मौके पर किसानों से एकजुट होकर अपने हितों के लिए आगे आने का आह्वान किया गया। मुख्यालय स्थित पोद्दार धर्मशाला में आयोजित अखिल भारतीय किसान सभा से संबद्ध सेब उत्पादक किसान संघ की बैठक में बतौर मुख्य वक्ता हिमाचल प्रदेश के ठियोग विधानसभा के पूर्व विधायक एवं सेब उत्पादक संघ के राष्ट्रीय नेता राकेश सिंघा ने कहा कि उत्तराखंड का पहाड़ी इलाका सेब की खेती के लिए बहुत अनुकूल है। कहा कि सेब एक खास तापमान और खास आद्रता में तैयार किए जाते हैं। सरकार सेब की खेती से अपना हाथ पीछे खींच रही है। सरकार के कारपोरेट परस्त नीतियों के चलते सेब की खेती पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। वर्तमान में सरकार सेब उत्पादक का ठेका भी अडानी कंपनी को दे रही है। सिंघा ने कहा कि आधुनिक युग की तकनीकी का फायदा किसानों को नहीं मिल पा रहा है। सेब की खेती के लिए वैज्ञानिक तरीके अपनाने पड़ेंगे। कहा कि सेब की खेती से किसानों की आमदनी बेहतर हो सकती है। उन्होंने सरकार पर किसानों को अनुदान बंद करने का आरोप लगाया। कहा कि पूर्व में किसानों को जिस तरह की सरकार द्वारा सुविधाएं दी जाती थी वह आज के समय में पूरी तरह बंद हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की सेब किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ सेब उत्पादक 4 अप्रैल को पूरे देश में राष्ट्रीय स्तर पर रैली निकालकर सरकार को घेरेगी। कहा कि पूरे देश के सेब उत्पादक किसानों को संगठित किया जाएगा। बैठक में पंचम सिंह रावत, किसान सभा के प्रांतीय महामंत्री गंगाधर नौटियाल, सेब उत्पादक संघ के सह संयोजक भूपाल सिंह रावत, किसान सभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद देवली, अरविंद पंवार, पूरन ठाकुर, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद थे।

# राज्य आंदोलनकारियों का सरकार के खिलाफ धरना—प्रदर्शन



नई टिहरी। देहरादून में बेरोजगारों पर हुये लाठी चार्ज के विरोध, भर्ती घपलों व पेपर लीक की सीबीआई जांच और आंदोलनकारी छात्रों को रिहा करने की मांग को लेकर राज्य आंदोलनकारी मंच के नेतृत्व में स्थानीय नेताओं व समाजसेवियों ने शहीद पार्क में एक दिवसीय धरना दिया।

प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ धरनास्थल पर जमकर नारेबाजी की। शहीद स्थल पर सुबह से शुरू हुए धरने में जिला मुख्यालय के दर्जनों समाजसेवियों व नेताओं ने प्रतिभाग करते हुए कहा कि वे युवाओं के साथ हैं। प्रदेश सरकार ने युवाओं पर लाठी चार्ज कर जो गैर जिम्मेदाराना काम किया है। उसे माफ नहीं किया जा सकता है। लगातार युवाओं के साथ रोजगार के नाम छलावा किया जा रहा है। युवाओं सहित प्रदेश के सभी वर्गों की मांग है कि इन घपलों जांच सीबीआई को दी जाय। लेकिन प्रदेश सरकार सीबीआई जांच नहीं करवा रही है। जिससे प्रदेश सरकार की मंशा पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि युवाओं के आंदोलन को कुचलने का काम प्रदेश सरकार ने जो काम किया है। वह शर्मनाक है। जिसके लिए प्रदेश सरकार की जितनी भी निंदा की जाय कम ही कम है। उन्होंने कहा कि इस तरह से यदि युवाओं के साथ प्रदेश सरकार खेलती रही, तो पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जायेगा। युवाओं को किसी हाल में इस तरह से बदहाल नहीं होने दिया जायेगा। इस मौके पर राज्य आंदोलनकारियों में राकेश राणा, गोपाल सिंह चौहान, सुंदर सिंह कठैत, प्रभा रतूड़ी, मुनेंद्र भट्ट, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

## पीआरडी जवान संगठन की तीनों ब्लाकों की नई कार्यकारिणी गठित

रुद्रप्रयाग। प्रान्तीय रक्षक दल के जवानों की बैठक में सर्वसम्मति तीनों ब्लाकों की नई कार्यकारिणी का गठन कर सरकार से मानदेय बढ़ाने की मांग की गयी।

बैठक में सर्वसम्मति से जगमोहन को जखोली, साजन कोठियाल को अगस्त्यमुनि और उखीमठ से रेखा चौहान को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में पीआरडी जवानों के जिलाध्यक्ष भरत बैरवाण ने तीनों ब्लाकों की कार्यकारिणी गठित करने के बाद सरकार और विभाग से पीआरडी जवानों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने की मांग की है। कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों में अगस्त्यमुनि से नीलम गोस्वामी, अनुराग, दिनेश व सतीश कुमार चुने गए।

## माधो सिंह भंडारी गीत नाटिका का मंचन किया

नई टिहरी। जन जागृति लोक संरक्षण समिति की ओर से घनसाली में आयोजित वसंत पंचमी कौथिग में दूसरे दिन जिला पंचायत अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशाल नैथानी द्वारा रचित वीर भड़ माधो सिंह भंडारी पर आधारीत गीत नाटिका का सुंदर मंचन किया। घनसाली में आयोजित वसंत पंचमी कौथिग के दूसरे दिन मुख्य अतिथि तौर पर पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण ने कहा कि घनसाली में ऐसे कौथिग मेलों से पौराणिक विरासत को संजोने का प्रयास किया जाता है। कहा कि पहाड़ में माधो सिंह भंडारी जैसे कई वीरों की सच्ची गाथाऐं है,जिन्होंने समाज हित में अपनी वीर गाथाओं के माध्यम से अमिट छाप छोड़ी है। नाटिका के मंचन की प्रस्तुति में श्रीनगर के पास मलेथा की 82 एकड़ भूमि को सिंचित करने के लिये दुगड्डा डांगचौरा से सुरंग निर्माण कर माधो सिंह ने अपने पुत्र गजे सिंह का बलिदान देकर मलेथा की भूमि को सिंचित किया था। उन्होंने गीत नाटिका के प्रस्तुति देने वालों कलाकारों का अभिवादन किया। कहा कि समिति द्वारा आयोजित कौथिग को बढ़ावा देने के लिये वह हर सम्भव मदद करेंगी। उन्होंने व्यापार मंडल के लिये अतिरिक्त कक्ष निर्माण की घोषणा भी की। कार्यक्रम अध्यक्ष व राज्य मंत्री अब्बल सिंह बिष्ट ने कहा कि पहाड़ों में विलुप्त हो रही संस्कृति को संजोने का समिति द्वारा यह सुंदर प्रयास किया जा रहा है। मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय गुनसोला,जिपंस सुनीता भुजवाण,नरेंद्र रावत, डॉ. श्याम विजय, गोविंद सिंह राणा,सूरत सिंह, मुकेश नैथानी, दिनेश भजनियाल, समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश भुजवाण, सरंक्षक सुंदर सिंह कठैत, मोहन लाल डंगवाल, खुशी राम नॉटियाल,विजय कुमाई, कमान सिंह,मुरारी लाल गैरोला,सतीश सेमवाल,साक्षी बडोनी आदि लोग मौजूद थे।

### मंडल महामंत्री मुरारी व विवेक को बनाया

नई टिहरी। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल की संस्तुति पर प्रताप नगर मंडल के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह रावत ने मंडल कार्यकारिणी का विस्तार किया। कार्यकारिणी का विस्तार कर उपाध्यक्ष शिव सिंह विष्ट, राजेंद्र सिंह रावत, चंद्रशेखर पैन्यूली व राजपाल मिश्रवाण। महामंत्री मुरारी सिंह रांगड़ व विवेक भट्ट। मंत्री आरती आर्य, शंकुतला रांगड़, जसपाल सिंह भंडारी, विपिन भट्ट व सुषमा महर। कोषाध्यक्ष प्रेमा देवी उनियाल, मीडीया प्रभारी जयपाल मिश्रवाण, आईटी संयोजक बीरेंद्र बरवाण व सोशल मीडीया प्रभारी राहुल राणा को बनाया है।

# वैज्ञानिकों ने जाना वनस्पतियों पर लगने वाले रोगों के कारण

रुद्रप्रयाग। भारतीय वन अनुसंधान देहरादून के वनस्पति वैज्ञानिकों के दल ने मध्य हिमालय स्थित क्षेत्रों के वनों में उगने वाली दुर्लभ वनस्पतियों की स्थिति व इन पेड़ों पर लगने वाले रोगों के कारणों की जानकारी जुटाई। इसके बाद वैज्ञानिकों का दल रानीगढ़ क्षेत्र के कोट गांव स्थित जगत सिंह चौधरी के मिश्रित वन में पहुंचा। कोट गांव में वनस्पति वैज्ञानिकों के दल ने मिश्रित वन की प्रशंसा की।

उन्होंने वन में उग रही विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों को निरीक्षण किया। इस दौरान पर्यावरण विज्ञानी पर्यावरण विज्ञानी देव राघवेंद्र बद्री ने दल को मिश्रित वन में किए जा रहे मृदा संरक्षण, जल संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण व सूक्ष्म जलवायु निर्माण समेत अन्य प्रयोगों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर वन वनस्पति विज्ञान विभाग की वैज्ञानिक डा. रंजना नेगी ने कहा कि यह मिश्रित वन वानिकी मॉडल पर्यावरण व जैवविधता संरक्षण के लिए एक बेहतर समाधान है।

वन विकास की दिशा में अनय क्षेत्रों में भी ऐसे मिश्रित वनों को बढ़ावा देने की जरूरत है। वन व्याधि प्रभाग की वैज्ञानिक डा. रंजना जवांटा ने कहा कि हिमालयी वनस्पतियों पर अचानक रोग लगने से कुछ वनस्पतियों में विघटन देखने को मिल रहा है। जो चिंता विषय है। उन्होंने मिश्रित वन को पर्यावरणीय समाधान बताते हुए कहा कि मिश्रित प्रकार से प्रजातियों को उगाने से वनस्पतियों पर रोगों का खतरा कम होता है। वन वनस्पति विभाग के तकनीकि विशेषज्ञ आशीष सिंह ने जिस तरह मिश्रित वन में सूक्ष्म वनस्पति संरक्षण को बेहतर प्रयोग है।

कहा कि उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्रों में उगने वाली रिंगाल प्रजाति के विकास व जलवायु परिवर्तन का हिमायली वनस्पतियों में हो रही परिवर्तन पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर भरत सिंह, विजय प्रसाद जसोला, बल्लभ प्रसाद समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 373 वादों का निस्तारण

नई टिहरी। राष्ट्रीय व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायधीश योगेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में किया किया गया। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 373 वादों का निस्तारण कर एक करोड़ चौदह लाख पचास हजार पांच सौ उन्नीस की धनराशि के सुलह समझौते पर किये गये। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सिविल जज सीनियर डिवीजन ममता पंत ने बताया कि प्री–लिटिगेशन स्तर पर कुल 105 वादों का निस्तारण कर 23 लाख 85 हजार 284 रुपये धनराशि के सुलह समझौते पर किये गये। एसडीएम टिहरी ने 10 वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया गया। जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत कुल गठित 8 बैचों में आयोजित की गई। जिसमें जिला न्यायाधीश योगेश कुमार गुप्ता की बैंच ने कुल 4 वादों का निस्तारण सुलह समझौते पर किया गया। कुटुम्ब न्यायालय प्रदीप कुमार मणि की बैंच ने कुल 15 वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद कुमार बर्मन की बैंच ने कुल 107 वादों का निस्तारण सुलह समझौते पर किया । सीनियर सिविल जज रीतिका सेमवाल की बैंच ने कुल वादों 14 का निस्तारण किया। अपर सीनियर सिविल जज अविनाश कुमार श्रीवास्तव की बैंच ने कुल 15 वादों का निस्तारण सुलह समझौते पर किया।

## अंत्योदय निशुल्क गैस रिफिल से 90 अंत्योदय कार्ड धारकों को किया लाभान्वित

नई टिहरी। जनपद में टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने जनपद के प्रमुख जनप्रतिनिधियों के साथ उत्तराखंड अंत्योदय निशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत 90 पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।

जनपद के पूर्ति विभाग के तत्वावधान में जिला सभागार में लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि उत्तराखण्ड अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना राज्य सरकार की एक अहम पहल है। सभी पात्र अंत्योदय राशन कार्डधारक योजना का नियमित लाभ उठाएं। योजना के अन्तर्गत वर्तमान में जनपद टिहरी गढ़वाल में 21 हजार 168 अन्त्योदय कार्ड धारकों में से माह दिसम्बर तक कुल 19 हजार 854 अंत्योदय कार्ड धारकों को निःशुल्क गैस रिफिल करवाई गई है। उत्तराखंड प्रदेश में समस्त अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों को वित्तीय वर्ष 2022–23 में तीन गैस सिलेण्डर रिफिल निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने की योजना प्रारम्भ की गई है।

सीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि जनपद टिहरी में प्रचलित अंत्योदय राशन कार्ड धारकों की सभी ऑयल कम्पनियों द्वारा एलपीजी आईडी की मैपिंग भी की जा चुकी है। योजना के अन्तर्गत अंत्योदय राशन कार्डधारकों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में चार–चार माहों के अन्तराल पर निःशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल उपलब्ध कराया जा जाएगा।

गैस सिलेंडर की धनराशि सीधे उपभोक्ता के खाते में डीबीटी के माध्यम से ऑयल कम्पनी हस्तानान्तरित करेगी। सीडीओ ने अंत्योदय वर्ग को अपना कार्ड बनाकर योजना का लाभ लेने की अपील की। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतापनगर प्रदीप चंद रमोला, नरेंद्रनगर प्रमुख राजेन्द्र भंडारी, जाखणीधार प्रमुख सुनीता देवी, चम्बा प्रमुख शिवानी बिष्ट, जीत राम भट्ट, डीएसओ अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

## हंस फाउंडेशन ने जागरुकता अभियान चलाया

नई टिहरी। हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल टीम की ओर से चंबा ब्लॉक के खंडकरी गांव के विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाकर बालिकाओं को मासिक धर्म के बारे में जानकारी दी। हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने चंबा के खंडकरी गांव में स्वास्थ शिविर का आयोजन कर करीब 50 लोगों की स्वास्थ जांच की जांचकर उन्हें निशुल्क दवाई दी।

दूसरी ओर टीम ने राइंका और उमावि खंडकरी की छात्रों को मासिक धर्म के दौरान साफ–सफाई रखने तथा खानापान को लेकर जागरुक किया। डॉ. मनुबाला ने मासिक धर्म के दौरान दिन में कम से कम तीन लीटर पानी पीने, स्वच्छ पोष्टिक भोजन करने, सेनेटरी पैड का उपयोग करने की सलाह दी।

मेडिकल टीम में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राहुल कैंतुरा, भारती बधानी, गोदाबंरी बिजल्वाण, अजय चोकियाल, कुलवीर पुंडीर आदि उपस्थित थे।

## अन्त्योदय राशनकार्ड धारकों हेतु निःशुल्क गैस रिफिलिंग सुविधा शुरू

चमोली। उत्तराखंड राज्य में अंत्योदय राशनकार्ड धारकों को निःशुल्क गैस रिफिलिंग की सुविधा शुरू हो गई है। इस योजना के तहत प्रत्येक अंत्योदय कार्डधारक को साल में तीन बार निःशुल्क गैस रिफिल की सुविधा प्रदान की जाएगी। गैस रिफिल करने के बाद पूरी धनराशि सब्सिडी के रूप में डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौडी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्य में अंत्योदय लाभार्थियों के लिए गैस रिफिलिंग योजना का सीधा प्रसारण चमोली जिले में भी किया गया। मुख्यमंत्री अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना जिला सभागार चमोली में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं योजना के लाभार्थी शामिल हुए। अपर जिला अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि चमोली जिले में 6005 अंत्योदय कार्डधारक है, जिनकों मुख्यमंत्री निःशुल्क गैस रिफिलिंग सुविधा का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के 20 लाभार्थियों को अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी, नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान, पूर्व जिप सदस्य मनोज भण्डारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित अपर जिलाधिकारी डा.अभिषेक त्रिपाठी, जिला पूर्ति अधिकारी जसवंत सिंह कण्डारी एवं अन्त्योदय योजना के लाभार्थी मौजूद थे।

### कर्णप्रयाग में आशा नौटियाल का हुआ स्वागत

चमोली। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष और केदारनाथ की पूर्व विधायक आशा नौटियाल का यहां कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। रविवार को यहां पहुंची प्रदेश अध्यक्ष नौटियाल का कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं के साथ सम्मान किया। इस दौरान विधायक अनिल नौटियाल, कर्णप्रयाग नगर मंडल अध्यक्ष सुभाष चमोली, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. हिमानी वैष्णव, सरोज हटवाल, चंदा राणा, हेमंत सेमवाल, आलम पंवार, शशि खंडूड़ी, वत्सला सती, उषा सती, दीपा भट्ट आदि मौजूद थे।

## केन्द्र सरकार का बजट राष्ट्रहित में: आशा नौटियाल

चमोली। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक आशा नौटियाल ने केंद्र सरकार की ओर से पेश किए गए बजट को राष्ट्र के सर्वांगीण हित का बजट बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार बजट सबके कल्याण का बजट है। नंदप्रयाग में नगर पंचायत सभागार में बजट को लेकर प्रबुद्धजनों के चर्चा की गई। कार्यक्रम में मोर्चे की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने कहा कि हम आजादी का अमृत महोत्सव का दौर चल रहा है। इस अमृत काल में महिलाओं पर विशेष फोकस किया गया है। 81 लाख महिला स्वयं सहायता समूहों को अलग से बजट का प्रावधान किया गया है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने पर जोर दिया गया है। इस बजट में महिलाओं के लिए बड़ी सौगात दी गई है। महिलाओं, युवाओं, निर्बल वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। हर वर्ग का समावेश कर बजट पेश किया गया है। सबको साथ लेकर चलने वाला प्रधानमंत्री पहली बार देश को मिला है। इस मौके पर भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों की महिला नेत्री कर्णप्रयाग के विधायक अनिल नौटियाल, गैरसैंण, जोशीमठ, पोखरी, कर्णप्रयाग आदि क्षेत्रों से महिलाएं पहुंची।

# कार्यकर्ताओं के समर्पण से ही होगी पार्टी मजबूतः मैखुरी



चमोली। नौटी के आधा दर्जन से अधिक बूथों पर समर्पण अभियान की शुरुआत करते हुए भाजपा के जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पण से ही पार्टी मजबूत होगी। रमेश मैखुरी ने नौटी, पुडियाणी, दियारकोट, जाख सहित अन्य नजदीकी बूथों पर 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले समर्पण अभियान की शुरुआत की। वहीं नगर पालिका सभागार में नगर अध्यक्ष सुभाष चमोली ने समर्पण अभियान की शुरुआत की। जबकि रविवार को गांधीनगर बूथ पर समर्पण अभियान का आयोजन किया गया।

इस दौरान भुवन नौटियाल, आलम पंवार, मनोरमा नैनवाल, गणेश शाह, नपा अध्यक्ष दमयंती रतूड़ी, चेतन मनोड़ी, प्रह्लाद सती, राकेश बिष्ट आदि मौजूद थे। वहीं नौटी क्षेत्र में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विक्रम मिंगवाल, महामंत्री सुभाष नौटियाल, भगवान सिंह, प्रमुख चंद्रेश्वरी रावत, गोवर्धन कैलखुरा, अरूण मैठाणी, देवेंद्र रावत, राकेश बिष्ट, कृष्णा नेगी, बृजमोहन बिष्ट समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## किसानों को मशरुम उत्पादन प्रशिक्षण दिया

नई टिहरी। कृषि विभाग और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में हरिद्वार जिले के बुग्गावाला में देवप्रयाग और नरेंद्रनगर ब्लॉक के किसानों को नेचर बेस्टो मशरूम फार्म में एक दिवसीय मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक मनमोहन भारद्वाज ने कहा कि मशरूम उत्पादन से किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान किसानों को मशरूम उत्पादन से जुड़ी कई तकनीकियों के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यशाला में दोनों ब्लॉकों के करीब 60 किसानों ने प्रतिभाग किया गया।

# हस्तशिल्प निर्यात से जुड़े उद्योगों की समस्याओं पर हुई कार्यशाला

रुड़की। एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट (नई दिल्ली ) की ओर से हस्तशिल्प निर्यात से जुड़े उद्योगों की समस्याओं कि समाधान के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उद्योगपति अपने उद्योगों कैसे आगे बढ़ाएं और साइबर क्राइम से कैसे बचा जाए उसको लेकर भी चर्चा की गई। रुड़की में ईपीसीएच की ओर से अवधेश अग्रवाल के प्रयासों से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट के सीओए और फेयर कमेटी चेयरमैन अवधेश अग्रवाल ने रुड़की शहर के निर्यातकों को आश्वासन दिया कि हमारी संस्था सदैव देश हित में निर्यात को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम का संचालन कर निर्यातक एवं उद्यमी केतन भारद्वाज ने अवधेश अग्रवाल, राजेश सिंह असिस्टेंट डायरेक्टर ईपीसीएच सहित पूरी ईपीसीएच की टीम का रुड़की में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सीओ रुड़की पल्लवी त्यागी ने साइबर क्राइम से बचने की विस्तृत जानकारी दी। स्मॉल स्केल इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष बीबी गुप्ता ने ईपीसीएच के प्रतिनिधियों की ओर से रुड़की के निर्यातकों की समस्याओं के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाने का स्वागत किया। विश्वास जताया कि इससे रुड़की में कार्यरत निर्यातकों को लाभ पहुंचेगा। कार्यक्रम में ईपीसीएस की ओर से शीशम लकड़ी की निर्यात पर लगी पाबंदी से निर्यातकों को आ रही समस्याओं के बदलाव के रूप में ईपीसीएच द्वारा एक नई लकड़ी मालाबार नीम की विस्तृत जानकारी का भी प्रस्तुतीकरण दिया गया। बताया कि भविष्य में शीशम वुड के बदले में मालाबार नीम की लकड़ी जो शीशम की तुलना में सस्ती है और आसानी से उपलब्ध है।

## 10 रुपए का पुराना नोट थमाने पर बस कंडक्टर ने प्रोफेसर के साथ की मारपीट

**कराची , एजेंसी।** पाकिस्तान में गोलीबारी व मारपीट की खबरे आए दिन सामने आती रहती है। ऐसा ही एक नया मामला सामने आया है। जिसमें बस कंडक्टर व ड्राइवर ने प्रोफैसर के साथ मारपीट की। यह मारपीट टिकट को लेकर हुई है, जिसमें पीडिघ्त प्रोफैसर ने इसकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल की।

जानकारी के अनुसार पाकिस्तान में संघीय हुकूमत ने नोटबंदी कराई थी, जिसमें 10, 50, 100 और 1000 रुपए के नोट बदले गए थे। पाकिस्तान स्टेट बैंक ने कहा था कि 31 दिसंबर, 2022 के बाद पाकिस्तान में पुराने नोट को नहीं बदला जा सकेगा। जाहिर है कि पाकिस्तान में लोगों के पास पैसों की किल्लत है। ऐसे में यहां जब एक यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ने बस में सफर के दौरान कंडक्टर को 10 रुपए का श्पुराना नोट दिया तो उसने लिया नहीं। दोनों में बहस हुई और फिर हाथापाई हो गई। प्रोफेसर के होंठ फट गए और खून बहने लगा। प्रोफेसर ने उसी हालत में अपना एक वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया।

वीडियो में प्रोफेसर कहते नजर आ रहे हैं कि श्सलाम वालेकुम. मैं डक्टर आतिफ जमील सिंध दाउद यूनिवर्सिटी का प्रोफेसर हूं और सिंध बस सर्विस से सफर कर रहा था। मेरे को बस में ड्राइवर और कंडक्टर ने बहुत बुरी तरह से पीटा है।

इसके बाद प्रोफैसर ने पाकिस्तानी सरकार से आरोपी बस ड्राइवर और कंडक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

## श्रीलंका में समुद्र तट पर फंसीं 14 व्हेल

**कोलंबो , एजेंसी।** देश के वन्यजीव विभाग ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी श्रीलंका के कल्पितिया समुद्र तट पर 14 पायलट व्हेल फंसी हुई हैं। वन्यजीव विभाग ने कहा कि श्रीलंका की नौसेना, पुलिस और वन्यजीव विभाग ने बचाव अभियान के बाद व्हेल को वापस समुद्र में डाल दिया। उन्होंने कहा कि तीन व्हेल की मौत हो गई है। श्रीलंका में व्हेल का समुद्र तट असामान्य घटना नहीं हैं। 2020 में, श्रीलंका के एक समुद्र तट पर 100 से अधिक व्हेल फंसी हुई थीं। इनमे से तीन की मौत हो गई थी। समुद्री जीवविज्ञानी के मुताबिक पायलट व्हेल बड़ी संख्या में एक साथ समुद्र में तैरते रहते हैं।

## तुर्की-सीरियाई भूकंप पीडितों को इमरजेंसी विसा देगा जर्मनी, तीन महीने के लिए होगा वैध

**बर्लिन , एजेंसी।** जर्मनी के गृह मंत्री नैन्सी फैजर ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि उनका देश तुर्किये और सीरिया के भूकंप पीडिघ्तों को तीन महीने का वीजा देगा। फेजर ने मीडिया को बताया कि यह आपातकालीन सहायता है।

फेजर ने कहा कि हम जर्मनी में तुर्किश या सीरियाई परिवारों को अपने करीबी रिश्तेदारों को अपने घरों में आपदा क्षेत्र से लाने की अनुमति देना चाहते हैं। घातक भूकंप ने 25,000 से अधिक लोगों की जान ले ली है।फैजर ने कहा कि पात्र लोगों के पास श्नियमित वीजा तीन महीने के लिए वैध हो सकता है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय के साथ संयुक्त पहल पीडिघ्तों को जर्मनी में श्आश्रय खोजने और चिकित्सा उपचार प्राप्त करने की अनुमति देगी।

बता दें कि तुर्की मूल के लगभग 2.9 मिलियन लोग जर्मनी में रहते हैं, जिनमें आधे से अधिक तुर्की राष्ट्रीयता रखते हैं। सीरियाई समुदाय भी बड़ा है और 924,000 होने का अनुमान है, क्योंकि पूर्व जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल ने 2015 और 2016 में शरणार्थियों के लिए सीमाएं खोली थीं।

# समृद्धि की सड़क पर सियासी लाभ की भी तेज रफ्तार

### हर महीने किसी बड़े प्रोजेक्ट के उद्घाटन या शिलान्यास की योजना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सड़क से समृद्धि का सफर और सियासी लाभ भी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे के सोहना-दौसा खंड के उद्घाटन के साथ केंद्र सरकार एक के बाद एक बड़े इन्फ्रा प्रोजेक्ट के उद्घाटन अथवा शिलान्यास की राह पर आगे बढ़ गई है।

बजट में इन्फ्रा परियोजनाओं के लिए रिकार्ड दस लाख करोड़ आवंटित करके सरकार ने आगे के लिए अपनी दिशा-इच्छा-संकल्प बता ही दिया था, लेकिन अगले एक साल में जो बड़े प्रोजेक्ट लोगों के सामने रखे जा रहे हैं, वे पिछले सालों में किए गए निवेश अथवा योजना का हिस्सा हैं और अब फल देने वाली स्थिति में पहुंच गए हैं।

दिल्ली-मुंबई के बीच विश्व स्तरीय एक्सप्रेस वे के एक हिस्से का उद्घाटन करते हुए पीएम ने अपनी सरकार का दृष्टिकोण यह कहते हुए स्पष्ट भी कर दिया कि बुनियादी ढांचे में निवेश व्यापक विकास के साथ रोजगार के अनेक अवसर उत्पन्न करता है और आधुनिक इन्फ्रा का लाभ हर कोई यानी अमीर-गरीब, किसान-ग्रामीण, शहरी, उद्यमी-उद्योगपति सभी उठाते हैं।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे की इंजीनियरिंग खूबियां, तकनीकी श्रेष्ठता और अलग अहसास कराने वालीं विलक्षण सुविधाएं अपनी जगह हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर यह पांच राज्यों-दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र में लोगों का जीवन बदलने वाला साबित हो सकता है। इसलिए और भी, क्योंकि यह दिल्ली-मुंबई के बीच यात्रा समय लगभग आधा करने के साथ ही लाजिस्टिक लागत में बड़ी कमी का माध्यम भी बनेगा। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ई-एक्सप्रेस वे के रूप में भी विकसित करने की तैयारी है।

जाहिर है, ऐसे रास्ते लोगों को सुविधा देने के साथ भाजपा को सियासी सुख भी प्रदान करेंगे। इन्फ्रा प्रोजेक्टों को शो-केस करने का यह सिलसिला इस तरह जारी रहना है कि लगभग हर माह कोई न कोई बड़ी और दिशा बदलने वाली परियोजना का उद्घाटन अथवा शिलान्यास किया जाएगा। पिछले दिनों महाराष्ट्र में वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के साथ लगभग 35 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की गई।

इसी क्रम में अगले माह बनारस में देश की पहली शहरी परिवहन रोपवे परियोजना की शुरुआत हो सकती है। लाजिस्टिक पार्क, वंदे मेट्रो और कई एयरपोर्टों का विस्तार भी इस साल के एजेंडे में है। संभावना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बनारस रोपवे प्रोजेक्ट की आधारशिला रखेंगे। उत्तराखंड में दो रोपवे प्रोजेक्टों-गौरीकुंड से केदारनाथ और गोविंदघाट से हेमकुंड का शिलान्यास पहले ही किया जा चुका है।

एनएचएआइ की सहयोगी कंपनी नेशनल हाईवे लाजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड के सूत्रों के अनुसार बनारस रोपवे प्रोजेक्ट के शिलान्यास की तिथि की जल्द घोषणा की जाएगी। यह रोपवे परियोजना बनारस में शहरी परिवहन के बोझ को कम करने का काम करेगी। इस प्रोजेक्ट पर विधिवत काम मई में शुरू होगा, लेकिन उसके पहले जमीन के सर्वे आदि का काम शुरू हो गया है। परियोजना का ठेका स्वदेशी कंपनी विश्व समुद्र इंजीनियरिंग को दिया गया है। 815 करोड़ की इस परियोजना के अगले साल के अंत तक या 2025 की शुरुआत में पूरी हो जाने की संभावना है।

इस रोपवे प्रोजेक्ट से बनारस में कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौक के बीच की दूरी केवल 17 मिनट की हो जाएगी, जो अभी भीड़भाड़ वाले ट्रैफिक के कारण एक घंटे की है। बनारस रोपवे के लिए टिकट की दर अभी तय नहीं की गई है। इसके लिए एक नीति तय की जाएगी, क्योंकि केंद्र सरकार ने पर्यटक स्थलों को कनेक्ट करने के साथ ही शहरी परिवहन के एक हिस्से के रूप में भी रोपवे परियोजनाएं विकसित करने की योजना बनाई है। इसके तहत राज्यों ने ढाई सौ से अधिक प्रस्ताव एनएचएलएमएल को भेजे हैं।

## ऑस्ट्रेलिया वाइन और शराब के लिए भारत पर निर्भर :गोयल

**लखनऊ , एजेंसी।** केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अस्ट्रेलिया के लोग अब वाइन और शराब के लिए भारत पर निर्भर है।

वृंदावन योजना में श्यूपी ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 के दौरान श्आबकारी और चीनी उद्योग में अवसर विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए गोयल ने रविवार को कहा कि अस्ट्रेलिया के लोग अब वाइन के लिए भारत पर निर्भर है। विदेशियों को भारत में बनी वाइन बहुत पसंद आ रही है। अंगूर के अलावा भारत आज 27 फलों से लेकर और वाइन बना रहा है।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पलिसी के तहत 30 दिनों में लाइसेंस मिलने का प्रावधान है। उन्होने कहा कि वह सभी राज्यों की एक्साइज कमिश्नर के साथ बैठकर उत्तर प्रदेश की पलिसी को अन्य राज्यों में लागू करने के लिए शीघ्र ही एक बैठक करेंगे।

उन्होंने कहा कि 2017 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व गृहमंत्री की सलाह पर भू,सैंड और लिकर माफिया पर रोक लगाकर उत्तर प्रदेश के विकास की नीव रखी थी। पिछले छह वर्षों में कोविड के बावजूद भी उत्तर प्रदेश का एक्साइज कलेक्शन 14500 करोड़ रुपए से बढ़कर 42500 करोड़ हो गया। जिस तरह से पूरे विश्व से बड़ी संख्या में निवेशक उत्तर प्रदेश की तरफ रुख कर रहे है वो इस बात का प्रमाण है की निवेशकों का भरोसा सिर्फ उत्तर प्रदेश सरकार में ही नही बल्कि यहां की जनता में भी है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को तकनीक और बाजार की खोज के लिए भारत के बाहर दल भेजने के लिए कहेंगे। श्री गोयल ने कहा कि जिस तरह से देश में स्टार्ट अप का कल्चर बढ़ा है जिससे लिथियम संकट और अन्य समस्याओं का समाधान देश के युवाओं के माध्यम से हो रहा है। पिछले छह वर्षों में देश में स्टार्टअप की संख्या 8277 हो गई है।

## जब हमारी परम्पराओं को दूषित करने का प्रयास किया गया, तब महर्षि दयानंद के प्रयास समाज में संजीवनी बने: पीएम मोदी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि यह अवसर ऐतिहासिक है और भविष्य के इतिहास को निर्मित करने का है। 21वीं सदी में आज जब विश्व अनेक विवादों में फंसा है, हिंसा और अस्थिरता में घिरा हुआ है, तब महर्षि दयानंद सरस्वती जी का दिखाया मार्ग करोड़ों लोगों में आशा का संचार करता है। मोदी ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि जिस पवित्र धरती पर महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने जन्म लिया, उस धरती पर मुझे भी जन्म लेने का सौभाग्य मिला। पीएम मोदी ने कहा, श्उस मिट्टी से मिले संस्कार, उस मिट्टी से मिली प्रेरणा, मुझे भी महर्षि दयानंद सरस्वती के आदर्शों के प्रति आकर्षित करती रहती है, मैं स्वामी दयानंद जी के चरणों में श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा, श्हमारे इतिहास और परम्पराओं को दूषित करने का प्रयास किया गया। उसी समय महर्षि दयानंद जी के प्रयास समाज में संजीवनी के रूप में प्रकट हुए और उसका कायाकल्प किया। आज देश पूरे गर्व के साथ श्अपनी विरासत पर गर्व का आह्वान कर रहा है। पीएम ने आगे कहा- महिलाओं को लेकर समाज में जो रूढियां पनप गईं थीं, महर्षि दयानंद जी उनके खिलाफ एक तार्किक और प्रभावी आवाज बनकर उभरे। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ भेदभाव का खंडन किया,

## चरण सिंह की जयंती पर रालोद का समरसता अभियान

**लखनऊ, एजेंसी,** । राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती सप्ताह भर चलने वाले समरसता अभियान के साथ मनाएगा। प्रचार अभियान रविवार को मथुरा से शुरू होगा, जहां रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी एक सभा को संबोधित करेंगे। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि पार्टी योगी आदित्यनाथ सरकार की विफलताओं पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो राजनीतिक लाभ के लिए समुदायों के बीच नफरत को बढ़ावा दे रही है।

उन्होंने कहा, पार्टी के नेता ग्रामीण इलाकों में जाएंगे और लोगों से आग्रह करेंगे कि वे सत्ताधारी पार्टी के गेम प्लान का मोहरा न बनें। हमारे नेता अभियान के दौरान 1,500 गांवों का दौरा करेंगे और किसानों से बातचीत करेंगे।

## मेघालय चुनावः कांग्रेस ने स्थानीय उत्पादों के लिए एमएसपी, मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल, बिजली का वादा किया

शिलांग , एजेंसी, । मेघालय में विपक्षी कांग्रेस ने वादा किया कि सत्ता में आने पर अदरक, हल्दी, झाड़ू, काली मिर्च और अन्य षि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ-साथ मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं और गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के लोगों के प्रत्येक घर को 200 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी। 27 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि मेघालय की सांस्तिक और स्वतंत्र पहचान भाजपा से खतरे में है।

कांग्रेस के घोषणापत्र में मेघालय में केजी से 12वीं कक्षा तक हर बालिका को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने की भी प्रतिबद्धता है और कांग्रेस नेता के अनुसार यह बालिकाओं को उनके सपनों, महत्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सशक्त बनाने में एक लंबा रास्ता तय करेगा।

कांग्रेस ने गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले प्रत्येक परिवार को गुणवत्तापूर्ण छत सामग्री उपलब्ध कराने का भी वादा किया है।

रमेश ने घोषणापत्र का जिक्र करते हुए कहा, धार्मिक समारोहों के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए लगभग 500 करोड़ रुपये कोष निधि के रूप में प्रदान किए जाएंगे।

पार्टी ने एक विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव रखा जो बाजार की मांग वाले पाठ्यक्रम प्रदान करेगा।

कांग्रेस ने एक विशेष शहरी पुलिस बल स्थापित करने का भी वादा किया, जो लोगों के अनुकूल होगा और शहर में होने वाले अपराधों से निपटने के लिए नवीनतम तकनीक से लैस होगा, प्रत्येक बीपीएल परिवार को त्रैमासिक रूप से मुफ्त एलपीजी सिलेंडर प्रदान करेगा, और प्रत्येक घर के लिए एक नौकरी का सृजन करेगा। जन उद्यमिता को बढ़ावा देकर मेघालय

हमारे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की उपेक्षा की गई है। हम उस प्रवृत्ति को उलट देंगे। पेंशन योग्य आयु प्राप्त करने वाले सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को पर्याप्त पेंशन और अन्य लाभ प्रदान किए जाएंगे।

घोषणापत्र में यह भी कहा गया है कि अगर पार्टी सत्ता में आती है तो मेघालय में सभी शिक्षकों की गरिमा बहाल करेगी और वेतन में और देरी नहीं होगी।

कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है, हमारे शिक्षकों को अपनी जायज मांगों के लिए किसी आंदोलन या विरोध का सहारा नहीं लेना है। हम आपका और आपके पेशे का सम्मान करते हैं और आपकी जायज मांगों को पूरा किया जाएगा क्योंकि हम आपके पेशे की गरिमा का सम्मान करते हैं और आपकी निस्वार्थ सेवा को स्वीकार करते हैं।कांग्रेस ने महिलाओं के लिए एक विशेष बाजार स्थापित करने का भी वादा किया जहां प्राउडली मेड इन मेघालय टैग वाले उत्पादों का विपणन और बिक्री की जाएगी।इसने स्वच्छ और हरित प्रौद्योगिकियों को अपनाने के माध्यम से अतिरिक्त 500 मेगावाट तक राज्य में बिजली आपूर्ति बढ़ाने का भी प्रस्ताव दिया।

## पश्चिम बंगाल की वैचारिक भूमि ने देश को हमेशा नई दिशा दी : जेपी नड्डा

**बर्धमान , एजेंसी ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पश्चिम बंगाल के पूर्बा बर्धमान एवं पूर्बा मेदिनीपुर में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित करते हुए राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की जंगलराज में शासन नाम की कोई चीज नहीं है, कघनून और व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। पश्चिम बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी सरकार के कुशासन को अलविदा कहने का मन बना लिया है।

जेपी नड्डा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता से भ्रष्टाचारी, निरंकुश और अपराधियों को संरक्षित करने वाली तृणमूल सरकार को जड़ से उखाड़ दें कने का आह्वान किया। उन्होंने राज्य की जनता से रक्तरंजित राजनीति को तिलांजलि देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जारी विकास यात्रा में भागीदार बनने का आह्वान किया।नड्डा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की वैचारिक भूमि ने देश को हमेशा नई दिशा दी है और जेपी नड्डा ने कहा है कि बंगाल जो आज सोचता है, उसे देश कल सोचता है। भारतीय जनता पार्टी विचारधारा को लेकर आगे बढ़ रही है, उस विचारधारा को जन संघ के प्रथम अध्यक्ष और संस्थापक ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही दी है, वे भी इसी भूमि से थे। इसी विचारधारा को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ी है। इसी विचारधारा के बल पर चलते हुए भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी पलिटिकल पार्टी है। पश्चिम बंगाल के ही आचार्य देवप्रसाद घोष 1956 से लेकर 1965 तक जन संघ के अध्यक्ष थे। मैं इस महान बंगाल की पावन धरा को नमन करता हूं।जेपी नड्डा ने कहा कि यह जनसैलाब बताता है कि पश्चिम बंगाल में परिवर्तन तय है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के जंगलराज में शासन नाम की कोई चीज नहीं है, यहाँ तृणमूल का कुशासन है। पश्चिम बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी सरकार के कुशासन को अलविदा कहने का मन बना लिया है। हमने यहाँ डबल इंजन वाली सरकार बनाने की कोशिश की लेकिन वह हो न सका। लेकिन, कोई बात नहीं। एक धक्का और दो और आपके आशीर्वाद से हम एक साथ मिल कर पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएंगे। सरकार नहीं बनी तो क्या हुआ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कभी भी पश्चिम बंगाल से कोई भेदभाव नहीं किया। नरेन्द्र मोदी सरकार ने कोलकाता मेट्रो के लिए 1,000 करोड़ रुपये, चित्तरंजन कैंसर सेंटर के लिए 15 करोड़ रुपये, सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान के लिए 63 करोड़ रुपये और इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट के लिए लगभग 23 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं।

## चढने लगा खाटू बाबा का रंग, उड़ने लगी गुलाल, होने लगीं सवामणियाँ

**जयपुर , एजेंसी,** । फाल्गुन के साथ ही जयपुर व दौसा क्षेत्र में खाटू श्याम का फाल्गुन उत्सव शुरू हो गया है। एक ओर जहाँ मंदिरों में फागोत्सव के साथ गुलाल उडने लगी है, वहीं भक्तगण पदयात्राएँ निकालने की तैयारियों के साथ ही खाटू बाबा के मंदिरों में सवामणियाँ भी आयोजित कर रहे हैं।ऐसा ही एक कार्यक्रम रविवार को दौसा जिले में स्थित विधानसभा क्षेत्र बांदीकुई में करनावर गांव में श्री श्याम बाबा मंदिर में हुआ। सांवलिया जी धाम के महंत महेंद्र और श्री राम मंदिर सेवा समिति, जगतपुरा जयपुर के मंहत पंडित लोकेश शर्मा ने बताया है कि बांदीकुई के करनावर गाँव में स्थित श्याम बाबा का यह मंदिर हजारों साल पुराना है।

## एयरो इंडिया रक्षा उद्योग बनाने के सरकार के प्रयासों को एक नया बल प्रदान करेगा: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली , एजेंसी ।** कर्नाटक के बेंगलुरु में एशिया के सबसे बड़े एयर शो एयरो इंडिया 2023 के 14वें संस्करण होने जा रहा है। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एयरो इंडिया 2023 में एक अलग कर्नाटक मंडप होगा जो प्रतिभागियों को राज्य में उपलब्ध अवसरों को प्रदर्शित करेगा। राजनाथ सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि एयरो इंडिया 2023 देश के समग्र विकास के साथ-साथ रक्षा में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक जीवंत और विश्व स्तरीय घरेलू रक्षा उद्योग बनाने के सरकार के प्रयासों को एक नया बल प्रदान करेगा। एक मजबूत और आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र आने वाले समय में भारत को शीर्ष तीन विश्व अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में उभरने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि कर्नाटक को अग्रणी राज्य बताया जो देश के आर्थिक विकास में योगदान दे रहा है। यह राज्य अपने कुशल मानव-संसाधन और एक मजबूत रक्षा निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए जाना जाता है। यह घरेलू और बहुराष्ट्रीय रक्षा और विमानन कंपनियों के लिए विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के लिए एक पसंदीदा केंद्र है।

## यूपी: रेप पीड़िता ने पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए खाया जहर

**लखीमपुर खीरी , एजेंसी।** गैंगरेप पीडिघ्ता ने पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए थाने के अंदर जहर खा लिया। घटना के बाद महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

इस बीच, खीरी पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने दावा किया कि बलात्कार की शिकायत फर्जी पाई गई थी, इसलिए पहले अदालत में एक क्लोजर रिपोर्ट दायर की गई थी।

यह घटना 17 जनवरी, 2022 को दर्ज की गई थी और पुलिस ने पिछले साल जून में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी। इसके बाद पीडिघ्ता ने अदालत का दरवाजा खटखटाया और मामले को फिर से खुलवाया।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) गणेश प्रसाद साहा ने इस मामले में एक सर्कल अफिसर (सीओ) से स्वतंत्र जांच कराने को कहा है।

## त्रिपुरा की जनता ने ट्रिपल गठबंधन को पूरी तरह से नकारा :शाह

**उनाकोटी ,एजेंसी ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा के उनाकोटी और सिपाहीजला में विधानसभा प्रचार के दौरान कहा कि कांग्रेस , ओमनिस्ट और टिपरा मोथा का गठबंधन श्ट्रिपल ट्रबल आर्थात तीन आफत वाला गठबंधन है। त्रिपुरा में एक ओर ट्रिपल ट्रबल वाला गठबंधन है तो दूसरी ओर डवलपमेंट का डबल इंजन। जनता ने तय कर लिया है कि उन्हें ट्रिपल ट्रबल वाली सरकार नहीं बल्कि डेवलपमेंट की डबल इंजन वाली सरकार चाहिए। अमित शाह ने कहा की त्रिपुरा को समृद्ध प्रदेश बनाने हेतु के बार पुनरू प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन वाली



भाजपा-गठबंधन सरकार बनाने की अपील की। शाह ने उनाकोटी जिले के चांदीपुर और सिपाहीजला जिले के चारिलम में आहूत विजय संकल्प रैलियों को संबोधित किया। शाह ने माँ त्रिपुर सुंदरी और सभी देवी-देवताओं को नमन करते हुए अपने उद्बोधन की शुरुआत की और कहा कि इस जगह का नाम उनाकोटी इसलिए पड़ा क्योंकि उनाकोटी मंदिर में एक करोड़ में एक कम अर्थात् 99 लाख 99 हजार 999 मूर्तियाँ स्थापित हैं। यह पूरे देश के सबसे पवित्र स्थलों में जाना जाता है। आप हमारे तीनों प्रत्याशियों को विजयी बना दीजिये, मैं आपसे वादा करता हूँ कि मैं और संबित पात्रा जी आपके अशोक अष्टमी के उत्सव में जरूर आयेंगे और आपके साथ यात्रा भी करेंगे। चारिलम में उन्होंने कमलासागर माँ काली को नमन किया और आर्यसमाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी का भी पुण्य स्मरण किया।अमित शाह ने कहा कि कई वर्षों तक यहाँ कांग्रेस का शासन रहा, 27 सालों तक कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार रही। कांग्रेस और कम्युनिस्ट, दोनों ने त्रिपुरा को विकास से महरूम रखा। दोनों ने यहाँ के गरीबों और आदिवासियों के लिए कुछ भी नहीं किया, त्रिपुरा को जस का तस छोड़ दिया। विकास आया है तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 5 वर्षों में आया है। पहले बिप्लब देब और अब ड माणिक साहा, दोनों ने त्रिपुरा के विकास को नया आयाम दिया है। हमने सड़क, बिजली, पानी, गैस, घर के साथ-साथ गरीब, मध्यम वर्ग, महिला, युवा और जनजातीय लोगों को भी एक सूत्र में जोडने का काम किया। लाल भाइयों की 27 साल तक त्रिपुरा में सरकार रही लेकिन उन्होंने आदिवासी कल्याण के लिए कुछ भी नहीं किया।

## बीएसएफ ने मेघालय में 40 मवेशियों को छुड़ाया, 3 तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली , एजेंसी,** । सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मेघालय में तस्करी के बड़े प्रयास को नाकाम कर दिया। मेघालय पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में बीएसएफ ने बांग्लादेश तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 40 मवेशियों को टुड़ाया है। इस पूरी कार्यवाही में तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। बीएसएफ की तरफ से ये जानकारी दी गई है। बीएसएफ ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर बीएसएफ मेघालय की चौथी बटालियन और राज्य पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से मुक्तापुर-अमलारेम रोड, पश्चिम जयंतिया हिल्स से तीन ट्रकों को जब्त किया।

सम्पादकीय

## गोपनीय परीक्षा का दावा

उत्तराखंड की पटवारी/लेखपाल परीक्षा एक बार पुनः संपन्न कराई गई है लेकिन जिस प्रकार से परीक्षा प्रश्न पत्र अभ्यर्थियों को दिए गए उसे लेकर एक बार पुनः कुछ परीक्षार्थियों ने सवाल खड़े किए है। हालांकि प्रशासन की ओर से दावा किया गया है कि परीक्षाएं पूर्ण तौर पर गोपनीयता एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई है जिसमें गड़बड़ी की कोई आशंका नहीं है। विवाद इस बार प्रश्न पत्रों पर लगी हुई सील को लेकर उत्पन्न हुआ है। अभ्यर्थियों का कहना है कि जब उन्हें प्रश्न पत्र दिए गए तो उनकी सील पहले से ही खुली हुई थी। विवाद के बाद उत्तराखंड पुलिस ने इस संबंध में स्पष्टीकरण सोशल मीडिया पर साझा किया है जिसमें परीक्षाओं मैं पूर्ण गोपनीयता का दावा करते हुए अपनी बातें रखी है। हालांकि सील को लेकर यह भी कहा गया है कि यातायत प्रबंधन के दौरान प्रश्न पत्रों की सील प्रभावित हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पूर्व में सामने आई व्यापक गड़बड़ियों के बाद सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर उत्तराखंड के बेरोजगार आंदोलनरत हैं। इन परीक्षाओं में व्यापक जांच के बाद ही परीक्षा आयोजित करवाने की मांग को लेकर पटवारी लेखपाल परीक्षा द्वारा आयोजित के बावजूद सैकड़ों छात्रों ने परीक्षा का बायकाट किया है, तो कई परीक्षार्थी परीक्षा देने के बाद धरना स्थल पर पेपर की सील खुली होने का दावा करते नजर आए। निश्चित तौर पर राज्य सरकार के लिए निर्विवाद परीक्षाओं को आयोजित कराना एक टेढ़ी खीर साबित होता जा रहा है। तमाम सावधानियां एवं गोपनीयता बरतने के बावजूद कहीं ना कहीं कोई त्रुटि सामने आ रही है जिसे लेकर युवा नाराज हैं। पूर्व में हुई पटवारी परीक्षा को उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के एक कर्मचारी द्वारा लीक करने के बाद परीक्षा निरस्त कर दी गई थी एवं पुनः परीक्षा की तिथि घोषित की गई। उत्तराखंड सरकार के लिए छात्रों को संतुष्ट करना अब काफी जटिल कार्य साबित हो रहा है हालांकि इस बार की परीक्षा के लिए व्यापक तौर पर परीक्षाओं के ट्रांसपोर्ट से लेकर परीक्षा कक्षाओं में वितरण कराने तक की वीडियोग्राफी की गई ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंकाओं को समाप्त किया जा सके। बावजूद इसके छात्रों द्वारा प्रश्न पत्रों की सील पहले से ही खुली होने का दावा करने की बातों से एक बार फिर परीक्षाओं को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। जैसे तैसे पटवारी लेखपाल परीक्षाएं संपन्न कराई जा चुकी है तो वही अब देखना यह है कि क्या राज्य सरकार एवं लोक सेवा आयोग लेखपाल पटवारी परीक्षा के पुनः आयोजन के बाद उठे सवालों पर कोई कार्रवाई करती है या फिर सब कुछ सही मानते हुए जल्द परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा? सबसे महत्वपूर्ण कार्य है प्रदेश के युवाओं को संतुष्ट करना और ऐसी परीक्षा प्रणाली विकसित करना जो युवाओं की नाराजगी को समाप्त कर सके।

# बिहार : आतंकवाद का खतरा

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा भाजपा का साथ छोड़ राजद से हाथ मिलाने के बाद की तस्वीर किसी तरह सामान्य नहीं मानी जा सकती। स्वयं जनता दल के अंदर ही अंतर्कलह का विस्फोट हो चुका है। बिहार की बहुसंख्या मानती है कि नीतीश के इस कदम के पीछे किसी तरह की नैतिक, व्यावहारिक या तार्किक सोच नहीं है। नीतीश अभी तक अपने ही साथियों को समझाने में सफल नहीं हैं कि उन्होंने यह कदम क्यों उठाया। इस कारण जनता दल के अंदर प्रकट-अप्रकट तीव्र हलचल है। अनेक नेता, जो बोलते नहीं, मानते हैं कि नीतीश के इस कदम से उनकी पार्टी की मृत्युगाथा लिख दी गई है। इस कारण उनका ध्यान बिहार की ज्वलंत समस्याओं से ज्यादा अपने राजनीतिक हितों की सुरक्षा और भविष्य की राजनीति पर ज्यादा है। उपेंद्र कुशवाहा का वर्तमान व्यवहार इसका उदाहरण मात्र है। दूसरी ओर राजद के अंदर भी यही भाव है कि नीतीश आज जरूर आए हैं, लेकिन इन पर विश्वास नहीं किया जा सकता। संभव है ये भाजपा का विरोध करते-करते फिर उस ओर जाने की कोशिश करें।**

**अवधेश कुमार**

हिंडनबर्ग हंगामे के बीच बिहार से पपुलर फ्रंट अफ इंडिया (पीएफआई) के संदिग्धों की गिरफ्तारी सुर्खियां नहीं बन पाई।

हालांकि भारत की आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से यह महवपूर्ण घटना है। जैसी कि जानकारी है, बिहार के पूर्वी चंपारण यानी मोतिहारी जिले के कई स्थानों से छापा मारकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। मामला कितना गंभीर होगा इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि बिहार पुलिस की कार्रवाई के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआ-ईए) तो लगी थी ही, उत्तर प्रदेश पुलिस का आतंकवादी निरोधी दस्ता या एटीएस तथा इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारी भी वहां पहुंचे।

पकड़ा गया एक संदिग्ध रियाज मारूफ पहले से ही सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर था क्योंकि पिछले वर्ष पीएफआई के बिहार में सबसे खतरनाक मड्यूल, जिसे फुलवारी शरीफ-पटना मड्यूल कहा जाता है, में भी इसका नाम आया था। बिहार और देश की राजनीति में इस समय एक पक्ष सुरक्षा एजेंसियों की हर कार्रवाई पर संदेह की उंगली उठाता है, और इस मामले में भी ऐसा ही है। किंतु इस आधार पर हम पीएफआई जैसे कट्टरपंथी संगठनों के खतरे का मूल्यांकन नहीं कर सकते। यूपीए सरकार के समय एनआईए के आतंकवाद संबंधी दस्तावेज देखें तो आपको बिहार मड्यूल नामक शब्द मिलेगा। चाहे का मुंबई के उपनगरीय रेलवे का विस्फोट हो या वाराणसी के संकट मोचन मंदिर पर आतंकी हमला या उसके बाद दिल्ली में विस्फोट। ऐसी अनेक घटनाएं थीं जिनमें बिहार से जुड़े आतंकी सीधे तौर पर शामिल थे। दरभंगा से लेकर किशनगंज एवं पटना से जुड़े फुलवारी शरीफ के निवासियों की दूसरे राज्यों से गिरफ्तारियां हुई। यहां तक कि खूंखार आतंकी यासीन भटकल की शरणस्थली भी बिहार और उससे लगा नेपाल ही साबित हुआ। दुर्भाग्य से देश की स्मृति बहुत कमजोर है।

कोई घटना होती है तो हम छाती पीटते हैं, मीडिया, सोशल मीडिया पर कुछ समय अभियान चलता है, राजनीतिक नेताओं के वक्तव्य आते हैं, और फिर धीरे-धीरे सब शांत। जिन लोगों को पिछले वर्ष पीएफआई के पटना- फुलवारी शरीफ मड्यूल के सामने आने से हैरत हुई, उनको आतंकवाद के संदर्भ में बिहार की पृष्ठभूमि का ध्यान नहीं था। ऐसा होता तो कतई हैरत व्यक्त नहीं करते। हालांकि इससे बड़ी त्रासदी कुछ नहीं हो सकती कि पीएफआई मड्यूल के सामने आने के बावजूद देश ने बिहार को आतंकवाद के प्रमुख रडार पर मानने का व्यवहार नहीं दिखाया। आज भी बिहार की राजनीति में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या है, जो मानते हैं कि पुलिस और एनआईए ने तिल का ताड़ बनाया। साफ हो गया है कि पीएफआई मड्यूल में अपना एक लक्ष्य बनाया था। उसमें आजादी के वर्ष पूरा होने पर भारत को इस्लामिक राज में परिणत करना सर्वप्रमुख था।



गजवा ए हिंद शब्द के उसके दस्तावेज में इसका सीधा उल्लेख था। इसके लिए वे जगह-जगह ट्रेनिंग भी दे रहे थे। उनकी योजना में दलितों और पिछड़ों को अंबेडकर के नाम पर भ्रमित करना भी शामिल था।

बावजूद सच देखते हुए बिहार के राजनेता और बुद्धिजीवियों का बड़ा तबका इसे खतरा मानने को तैयार नहीं तो उस पर किस प्रकार की टिप्पणी की जा सकती है। यह आत्मघाती व्यवहार है। बिहार की मौजूदा सरकार एवं संपूर्ण राजनीतिक प्रतिष्ठान को स्वीकार करना चाहिए कि उनका प्रदेश आतंकियों का केंद्र बन चुका है। राजनीतिक नेतृत्व की सोच के अनुसार ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां कार्रवाइयों की दिशा निर्धारित करती हैं। उनके जिम्मे सुरक्षा है, इसलिए राजनीतिक नेतृत्व की विचारधारा से परे भी कई बार कार्रवाइयां होती हैं। पर इनमें उस प्रकार की प्रखरता और तत्परता नहीं होती जैसी होनी चाहिए। वर्तमान बिहार ऐसी परिस्थिति से गुजर रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा भाजपा का साथ छोड़ राजद से हाथ मिलाने के बाद की तस्वीर किसी तरह सामान्य नहीं मानी जा सकती। स्वयं जनता दल के अंदर ही अंतर्कलह का विस्फोट हो चुका है।

बिहार की बहुसंख्या मानती है कि नीतीश के इस कदम के पीटे किसी तरह की नैतिक, व्यावहारिक या तार्किक सोच नहीं है। नीतीश अभी तक अपने ही साथियों को समझाने में सफल नहीं हैं कि उन्होंने यह कदम क्यों उठाया। इस कारण जनता दल के अंदर प्रकट-अप्रकट तीव्र हलचल है। अनेक नेता, जो बोलते नहीं, मानते हैं कि नीतीश के इस कदम से उनकी पार्टी की मृत्युगाथा लिख दी गई है। इस कारण उनका ध्यान बिहार की ज्वलंत समस्याओं से ज्यादा अपने राजनीतिक हितों की सुरक्षा और भविष्य की राजनीति पर ज्यादा है। उपेंद्र कुशवाहा का वर्तमान व्यवहार इसका उदाहरण मात्र है। दूसरी ओर राजद के अंदर भी यही भाव है कि नीतीश आज जरूर आए हैं, लेकिन इन पर विश्वास नहीं किया जा सकता। संभव है ये भाजपा का विरोध करते-करते फिर उस ओर जाने की कोशिश करें। एक दूसरे के प्रति सत्तारूढ़ खेमे में अविश्वास और आशंकाओं के बीच सरकार और प्रशासन सुचारू रूप से नहीं चल सकता। यह स्थिति निश्चय ही चिंता का विषय है।

कायदे से अभी तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बिहार में जिहादी आतंकवाद को लेकर बैठकर आयोजित करनी चाहिए थी। आखिर, पिछले वर्ष अग्निवीर योजना के विरुद्ध सबसे ज्यादा हिंसा बिहार में हुई थी। लग रहा था कि कुछ प्रशिक्षित, प्रोफेशनल विरोध के नाम पर उपद्रव और अग्निकांड में शामिल थे। बिहार के मुख्यमंत्री की ओर से एक बयान नहीं आया जिसमें कहा जाए कि वे सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध हैं, और इससे खिलवाड़ करने वालों और लोगों की जान जोखिम में डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। - के बीच नीतीश को सुशासन बाबू का विशेषण प्राप्त हुआ था। उस दौर की विशेषता थी कि बिहार अपराध और कुशासन के दौर से निकल कर सुरक्षित और कानून के शासन के दौर में वापिस लौट रहा था। नीतीश कुमार के अंदर नरेंद्र मोदी का विरोध कर सेक्युलर खेमे का हीरो बनने की भावना पैदा हुई। उनकी भाषा बदली और सुशासन का लक्ष्य प्राथमिकता में नहीं रहा।

भारत में सेक्युलरिज्म के साथ समस्या यह है कि जानते हुए भी भयावह यथार्थ को स्वीकार नहीं किया जाता जिहादी आतंकवाद वैश्विक समस्या है, और उससे प्रभावित मुस्लिम युवा यहां भी खतरनाक दिशा में बढ़ चुके हैं। बिहार इस विचारधारा का सबसे बड़ा शिकार है। बिहार की सुरक्षा और शांति के लिए आवश्यक है कि राजनेता इस मानसिकता से बाहर आएं।

# खडगे का बड़ा राजनीतिक दांव




कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने बुधवार को उच्च सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कई बड़े राजनीतिक दांव चले। हालांकि कोई दांव ऐसा नहीं था, जिसके लिए ऐसा लगे कि वे बहुत प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बहुत सहज तरीके से राजनीतिक विमर्श को एक दिशा देने का प्रयास किया। इस बात पर मीडिया में भी किसी ने ध्यान नहीं दिया कि खडगे ने बहुत जोर देकर कहा कि वे दूसरे किसी भी नेता के मुकाबले ज्यादा देशभक्त हैं और आसन को कहना पड़ा कि उनकी देशभक्ति पर किसी को संदेह नहीं है। इसमें खडगे ने अपनी सामाजिक स्थिति भी बताई और साथ ही यह भी कहा कि वे इस देश के मूलवासी हैं।

खडगे का मूलवासी का दांव कांग्रेस के बहुत काम आ सकता है। ध्यान रहे वे दलित हैं और बेहद साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से आए हैं। उनके पिता मिल मजदूर थे। सो, एक तो मूलवासी और दूसरा देशभक्ति का दांव। तीसरा दांव लुई वितों का मफलर या स्कार्फ डाल कर सदन में आने का था। उन्होंने बहुत सोच समझ कर दुनिया के सबसे लक्जरी ब्रांड का स्कार्फ डाला था। ध्यान रहे सदन में उनको एक समय दुनिया के नंबर दो अमीर रहे गौतम अदानी की करनी थी और उन्होंने स्कार्फ पहना था दुनिया के नंबर एक अमीर आदमी की कंपनी का। इसके जरिए उन्होंने दलित आकांक्षाओं को आवाज दी। याद करें कैसे मायावती महंगे गहने पहनती थीं और नोटों की माला से उनका स्वागत होता था। इस तरह वे दलितों का मनोबल और उम्मीदें बढ़ाती थीं। वहीं काम सदन में खडगे ने किया। कर्नाटक के चुनाव में उनका यह दांव बहुत कारगर हो सकता है।

# भारत जोड़ो यात्रा का फल

**अजय दीक्षित**

राहुल गांधी और कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा समाप्त हुई। यात्रा किलोमीटर से अधिक रही। यदि जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष चंद्रशेखर की पदयात्रा को अतीत मान लिया जाए, तो इतना पैदल सफर किसी अन्य राजनीतिज्ञ ने तय नहीं किया। इसका पूरा श्रेय राहुल गांधी की मानसिक दृढ़ता और इच्छा-शक्ति को जाता है। उन्होंने श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर तिरंगा फहराया। राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।



राष्ट्रगान भी गाया। अंततरू भारतीयता सम्मानित हुई। श्रीनगर में एकदम शांति और सद्भाव का माहौल लगा। कोई पत्थरबाजी नहीं की गई। हुर्रियत का अलगाववाद समाप्त किया जा चुका था। आतंकवाद को भी कुचला जा रहा है। चारों ओर तिरंगा लहरा रहा था। पाकिस्तान का झंडा नदारद रहा। भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष ड. मुरली मनोहर जोशी ने जब जनवरी, को लाल चौक पर तिरंगा फहराया था, तो चारों ओर बम, बारूद और बंदूकें ही थीं। अब माहौल पूरी तरह बदला है, राहुल गांधी को यह यथार्थ स्वीकार करना चाहिए और अनुच्टेद पर विवादित बयान देने से बचना चाहिए। भारत की संसद ने यह निर्णय लिया था कि को खारिज किया जाए। राहुल ने बार-बार यह उल्लेख किया है। कि भारत मुहब्बत और भाईचारे का देश है. लेकिन प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और आरएसएस पर हिंसा और नफरत के लगातार आरोप भी मढ़े हैं।

राहुल ने यह भी कबूल किया है कि यात्रा के दौरान उन्हें नफरत और हिंसा कहीं नहीं दिखाई दिए। इससे बड़ा यात्रा का विरोधाभास और क्या हो सकता है? उनकी यह टिप्पणी बिल्कुल गैर- जिम्मेदाराना है कि प्रधानमंत्री मोदी ने हिंसा कराई। राहुल ने यह टिप्पणी कश्मीर में एक सार्वजनिक मंच से की, जिसका दुरुपयोग पाकिस्तान कर सकता है। सवाल है कि किन साक्ष्यों के आधार पर देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ राहुल गांधी इस निष्कर्ष तक पहुंचे? किस अदालत में प्रधानमंत्री के खिलाफ आपराधिक केस विचाराधीन है या कौन जांच कर रहा है? प्रधानमंत्री भी सामान्य कानून की परिधि में आते हैं। दरअसल यह राहुल की और कांग्रेस की मानसिक, पूर्वाग्रही धारणा हो सकती है। यदि राहुल कांग्रेस के शासन काल का इतिहास पढ़ें, तो परत दर परत सच सामने खुल जाएगा कि उस दौर में कितने दंगे हुए? कितने भारतीय मार दिए गए? कितना उग्र और व्यापक आतंकवाद था? सिर्फ भाजपा-संघ को कोस कर और खोखले आरोप मढ़ कर राहुल और कांग्रेस, किसी भी स्तर पर, देश को जोड़ नहीं सकते। पाखंड या दावे जरूर किए जा सकते हैं। बेशक इस तथ्य को स्वीकार न किया जाए, लेकिन यह राहुल गांधी के राजनीतिक ब्रांड की यात्रा थी। यह प्रभाव पैदा करने में राहुल और कांग्रेस सफल रहे हैं कि राजनीतिक तौर पर वह परिपक्कहो रहे हैं। अब वह पलायनवादी नहीं रहे। बेशक राहुल की छवि का विस्तार हुआ है, उसमें काफी सुधार हुआ है। यह भी सुखद संकेत है कि जहां से यात्रा गुजरती रही, वहां कांग्रेस का काडर सक्रिय दिखाई दिया। यानी कांग्रेस का संगठन अब भी जिंदा है, बेशक सुप्तावस्था में चला गया था। कांग्रेस अपने काडर को कितना जोड़ कर, सक्रिय और जिंध्दा रख पाती है, यह देखना अभी शेष है। लेकिन यात्रा के दौरान मिला चौतरफा समर्थन चुनावी जनादेश में परिणत होगा या नहीं, लोकसभा में सांसदों का आंकड़ा क्या होगा और से अधिक राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन कैसा रहेगा, ये यथार्थ अभी सामने आने हैं।

# ये हेयरस्प्रे हैं हर तरह के बालों के लिए बेहतरीन, आसान है घर पर बनाना



बाजार में मौजूद अधिकतर हेयरस्प्रे पैराबेंस, यूजेनोली, लिलियल और बेंजिल सैलिसिलेट जैसे विषाक्त रसायनों के साथ-साथ आर्टिफिशियल सुगंध से युक्त होते हैं और ऐसे हेयरस्प्रे का इस्तेमाल बालों को नुकसान पहुंचा सकता है। इसी कारण बाजार से खरीदने की बजाय खुद ही ऐसे हेयरस्प्रे बनाएं, जो आपके बालों की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद कर सकते हैं। आइए आज हम आपको हर तरह के बालों पर इस्तेमाल किए जाने वाले पांच हेयरस्प्रे बनाने के तरीके बताते हैं।

**चीनी का हेयरस्प्रे** चीनी का हेयरस्प्रे बालों को मइस्चराइज करने और उन्हें टूटने से बचाने में मदद कर सकता है, वहीं इसकी शेल्फ लाइफ एक से दो महीने की होती है। हेयरस्प्रे बनाने के लिए सबसे पहले एक कप फिल्टर किए हुए पानी को उबालें, फिर इसमें दो बड़ी चम्मच चीनी मिलाएं और इसे पूरी तरह से घुलने दें। अब गैस बंद कर दें और जब मिश्रण ठंडा हो जाए तो इसे एक स्प्रे बोतल में डालकर इसका इस्तेमाल करें।

**नींबू का हेयरस्प्रे** नींबू में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-अक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं, जो बालों को पोषित करने के साथ-साथ उन्हें मजबूती देने में मदद कर सकते हैं। हेयरस्प्रे बनाने के लिए सबसे पहले दो कप पानी गर्म करें, फिर इसमें नींबू का रस और इसके छिलके डालकर उबालें। जब पानी आधा हो जाए तो गैस बंद करके मिश्रण को ठंडा होने दें। इसके बाद मिश्रण को एक चम्मच बेकिंग सोडा के साथ स्प्रे बोतल में डालें और फिर फ्रीज में स्टोर करें।

**कैस्टर अयल हेयरस्प्रे** कैस्टर अयल विटामिन- ई, ओमेगा- फैटी एसिड, ओमेगा- फैटी एसिड और केराटिन का एक बेहतरीन स्रोत है, जो बालों को गहराई से पोषण देने और बालों के विकास के साथ-साथ उनके रूखेपन को दूर करने में मदद करते हैं। हेयरस्प्रे बनाने के लिए एक कप पानी गर्म करके इसमें दो बड़ी चम्मच चीनी डालें और जब चीनी अच्टे से घुल जाए तो मिश्रण में एक चम्मच कैस्टर अयल डालें। इसके बाद मिश्रण को ठंडा करके स्प्रे बोतल में डालें।

**एलोवेरा का हेयरस्प्रे** फैटी एसिड, विटामिन्स, एंटी-बैक्टीरियल और हीलिंग गुणों से भरपूर एलोवेरा हेयरस्प्रे स्कैल्प को मइस्चराइज करने, डेड स्किन सेल्स को हटाने और बालों के विकास को बढ़ावा देने में सहायक हो सकता है। यह हेयरस्प्रे रूखे और बेजान बालों को ठीक करने में भी मददगार है। हेयरस्प्रे बनाने के लिए ताजा एलोवेरा जेल को पानी के साथ मिलाएं, फिर इसमें नारियल का तेल मिलाएं। इसके बाद मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालें और जब चाहें तब इसका इस्तेमाल करें।

**गुलाब जल हेयरस्प्रे** गुलाब जल एक हल्का एस्ट्रिंजेंट है, जिसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, इसलिए अगर आप अयली स्कैल्प, डैंड्रफ और खुजली से परेशान हैं तो इस हेयरस्प्रे का इस्तेमाल करना आपके लिए लाभदायक हो सकता है। हेयरस्प्रे बनाने के लिए थोड़ा ताजा गुलाब जल गर्म करें, फिर इसमें चीनी डालें और जब तक यह पूरी तरह से घुल न जाए, गैस बंद न करें। अब इस मिश्रण को ठंडा करने के बाद एक स्प्रे बोतल में डालें और जरूरत अनुसार इस्तेमाल करें।

# साइटिका: जानिए पीठ की समस्या के कारण, लक्षण और बचाव

साइटिका शरीर में मौजूद सबसे बड़ी नस साइटिका में होने वाली परेशानी है। साइटिका नस कमर के निचले हिस्से से शुरू होकर कूल्हों से होती हुई एडियों तक जाती है। यही कारण है कि इसमें आने वाली समस्या आपके कमर के नीचे के पूरे भाग को प्रभावित करती है। आइए आज हम आपको इस समस्या के कारण, लक्षण और इलाज के बारे में बताते हैं ताकि समय रहते इससे बचा जा सके।

**साइटिका के कारण**

साइटिका का मुख्य कारण साइटिका नस पर चोट लगना या इस पर दबाव पडना हो सकता है। इसके अतिरिक्त रीढ़ के हड्डी में असंतुलन, स्पाइनल स्टेनोसिस की समस्या, पिरिफोर्मिस सिंड्रोम और पेल्विक की चोट भी इसके कारण हो सकते हैं। ट्यूमर भी इस समस्या को पैदा करने का कारण बन सकता है। आमतौर पर से साल की आयु के बीच इस समस्या के होने की संभावना बढ़ जाती है।

**साइटिका से जुड़े लक्षण**

पीठ के निचले हिस्से में दर्द और झनझनाहट महसूस होना साइटिका की समस्या के मुख्य लक्षण हैं। मांसपेशियों में कमजोरी महसूस होना, पैरों में सुन्नपन का अहसास, उठने-बैठने में काफी परेशानी होना भी साइटिका के लक्षण हैं। किसी एक पैर में तेज दर्द होना या पैरों की उंगलियों में दर्द होना भी साइटिका के लक्षण हैं। अगर आपको ये लक्षण दिखने लगे तो डक्टर से संपर्क करें।

साइटिका का कैसे पता लगाया जा सकता है?

अगर आपको खुद में साइटिका की समस्या के लक्षण दिखने लगें तो तुरंत डक्टर से संपर्क करें ताकि समय रहते समस्या के जोखिमों को कम



**पीठ के निचले हिस्से में दर्द और झनझनाहट महसूस होना साइटिका की समस्या के मुख्य लक्षण हैं। मांसपेशियों में कमजोरी महसूस होना, पैरों में सुन्नपन का अहसास, उठने-बैठने में काफी परेशानी होना भी साइटिका के लक्षण हैं। किसी एक पैर में तेज दर्द होना या पैरों की उंगलियों में दर्द होना भी साइटिका के लक्षण हैं। अगर आपको ये लक्षण दिखने लगे तो डक्टर से संपर्क करें।**

किया जा सके। इसके लिए डक्टर आपको सीटी स्कैन और एमआरआई स्कैन कराने की सलाह दे सकते हैं। इसके अलावा साइटिका का पता लगाने के लिए डिस्कोग्राम टेस्ट या माइलोग्राम टेस्ट को भी बेहतर माना जाता है। इससे पीठ की स्थिति का पता लगाना आसान होता है।

**साइटिका का इलाज**

फिजिकल थेरेपी साइटिका का इलाज हो सकता है। इसके अतिरिक्तडक्टर आपको कग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी कराने की सलाह दे सकते हैं। अगर स्थिति गंभीर हो जाए तो डक्टर आपको सर्जरी करवाने को भी कह सकते हैं। इसके लिए आपके पास दो विकल्प (लम्बर लैमिनेक्टमी और डिस्केक्टमी) हो सकते हैं। हालांकि, जीवनशैली में थोड़ा सुधार करके भी इस समस्या से सुरक्षित रहा जा सकता है।

# केंद्र व प्रदेश सरकार एकरूपता से उत्तराखंड की जनता के लिए कार्य कर रही है: सीएम धामी








देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को जनपद पौड़ी मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में पूर्व सैनिक संगठन एवं शहीदों के परिजनों, प्रबुद्ध नागरिकों, महिला स्वयं सहायता समूह व महिला संगठनों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं/ पदाधिकारियों के साथ संवाद व भेंटवार्ता की। इस अवसर पर उन्होंने सर्किट हाउस प्रांगण में पौधारोपण भी किया। विभिन्न संगठनों के साथ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार एकरूपता से उत्तराखंड की जनता के लिए कार्य कर रही है। संवाद कार्यक्रम के दौरान जो भी शिकायत या मांग पत्र उपलब्ध कराए गए हैं, उन पर समय रहते सकारात्मकता के साथ हर संभव कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत, विधायक लैंसडौन महंत दलीप सिंह रावत, विधायक पौड़ी राजकुमार पौरी, विधायक यमकेश्वर रेनू बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्षा शांति देवी, जिलाधिकारी डॉ आशीष चौहान, एसएसपी श्वेता चौबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि व संगठन के पदाधिकारी सदस्य आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस सेवादल ने किया पुलिस मुख्यालय कूच

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर कांग्रेस सेवादल ने रविवार को पुलिस मुख्यालय–सचिवालय कूच किया। इन्हें पुलिस ने ग्लोब चौक के पास बेरिकेडिंग लगाकार रोक लिया। इस दौरान कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ता सड़क पर ही धरने पर बैठ गए।

बाद में पुलिस कार्यकर्ताओं को वैन में बैठाकर ले गई। कांग्रेस सेवादल की प्रदेश अध्यक्ष हेमा पुरोहित ने कहा कि बेरोजगार युवाओं पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। भर्ती परीक्षाओं की सीबीआई जांच की मांग की। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल भी समर्थन देने पहुंचे। उन्होंने कहा कि युवा और जनता का सरकार के परीक्षा कराने वाले तंत्र से ही भरोसा उठ गया है। सरकार गलत तरीके से मुकदमे कर लाठी डंडे के बल पर युवाओं की आवाज को दबाना चाहती है। कांग्रेस लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देगी। सेवा दल के प्रदेश प्रवक्ता भास्कर चुग ने कहा कि बॉबी पंवार चकराता क्षेत्र से आते हैं। भाजपा के चकराता क्षेत्र के नेताओं को जवाब देना चाहिए कि वह सरकार की कार्यवाही के साथ हैं या संघर्ष करने वाले युवाओं के साथ हैं। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता गरिमा मेहरा, याकूब सिद्दीकी, आशा टमटा, पीयूष गौर, मनीष खंडूरी, प्रवीण पुरोहित, मथुरादत्त जोशी, विजय कुमार, मनमोहन शर्मा, प्रवीण पुरोहित, अशोक मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

## शेष विषयों के अतिथि शिक्षक पद शीघ्र भरे जाएं

ऋषिकेश। प्रशिक्षित बेरोजगार संघ ने प्रदेश सरकार से अन्य विषयों के अतिथि शिक्षकों का लंबित शासनादेश शीघ्र जारी करने की गुहार लगायी है। चेताया कि मामले में अनदेखी करने पर बेरोजगार सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। प्रशिक्षित बेरोजगार संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी डीपी नौटियाल ने कहा कि शासनादेश के बाबत प्रदेश सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया है। इसके माध्यम से प्रवक्ता संवर्ग के अन्य विषयों के 1300 रिक्त पदों का शासनादेश भी शीघ्र जारी करने की मांग की है। बताया कि मार्च से प्रदेश में उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही है। लिहाजा 15 फरवरी को होने वाली प्रदेश की कैबिनेट बैठक में सरकार को इस विषय पर भी शीघ्र निर्णय लेकर शासनादेश शीघ्र जारी करने के आदेश देने चाहिए।

## आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण जरूरी

विकासनगर। यशस्वी कराटे अकादमी में रविवार को खिलाड़ियों का बैल्ट परीक्षण किया गया। खिलाड़ियों ने यलो और ऑरेंज बैल्ट परीक्षण पास किया। परीक्षण के दौरान खिलाड़ियों ने अपनी मानसिक और शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण के दौरान सेइशिन काई शितु रयु उत्तराखंड के मुख्य प्रशिक्षक खुशी राम ने कहा कि आज के समय में बिना हथियार के अपनी सुरक्षा करना मार्शल आर्ट है। आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट की विधा में पारंगत होना जरूरी है। स्कूली शिक्षा के साथ–साथ छात्र–छात्राओं के लिए शारीरिक शिक्षा का होना भी बहुत जरूरी है। जिसके माध्यम से बच्चों के शरीर का विकास होता है। उन्होंने कहा कि कराटे सहित मार्शल आर्ट की अन्य विधाएं हमें सिर्फ शारीरिक रूप से ही मजबूत नहीं बनाती हैं। बल्कि इससे व्यक्ति मानसिक रूप से भी परिपक्व होता है।

मार्शल आर्ट से शरीर में हड्डियों का विकास होता है। फैट कम होने के साथ ही एकाग्रता बढ़ती है। कहा कि आज की जीवनशैली से बच्चों का संपूर्ण विकास नहीं हो पा रहा है। वर्तमान में बच्चे खेल के मैदान से दूर होते जा रहे हैं। बच्चों की शारीरिक बनावट बिगड़ रही है। मोबाइल, वीडियो गेम के प्रति बच्चों–बड़ों का रुझान बढ़ता जा रहा है। ऐसे में कराटे जैसे पुरानी खेल पद्धति आत्मरक्षा के लिए तो काम आती ही है। साथ ही शारीरिक विकास के साथ–साथ मानसिक विकास में भी अहम भूमिका निभाती है।

## बीएड टीईटी प्रशिक्षित संघ ने दिया बेरोजगार महासंघ को समर्थन

उत्तरकाशी। राज्य के बेरोजगारों पर हुई बर्बरता तथा लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए बीएड टीईटी प्रशिक्षित महासंघ के पदाधिकारियों ने बेरोजगार संघ को अपना समर्थन दिया है।

वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बेरोजगारों को संबोधित करते महासंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनवीर रावत ने कहा की बेरोजगार पेपर लीक के गुनहगारों के लिए सीबीआई जांच की मांग कर रहा है। जिससे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों का पर्दाफाश हो सके । मगर सरकार उन्हे बचाने के लिए बेरोजगारों पर लाठी चार्ज कर रही है, जिसकी महासंघ घोर निन्दा करता है । महासंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजीव राणा ने कहा की बेरोजगार पूर्व में हुई सभी भर्तियों की निष्पक्ष जांच के बाद ही नई भर्ती की परीक्षा आयोजित करने तथा नकल विरोधी कानून को सख्त बनाने की जायज मांग कर रहे है मगर सरकार बेरोजगारों की मांगों की निरंतर अनदेखी कर रही है।

महासंघ के पूर्व मीडिया प्रभारी अरविंद राणा ने कहा की उत्तराखण्ड सरकार भर्तियों के लिए विज्ञापन तो जारी करती है मगर सरकार की कमजोर नीतियों के कारण कभी पूरी नहीं हो पाती है। महासंघ के सभी पदाधिकारियों ने बेरोजगार संघ को अपना पूर्ण समर्थन देने तथा सभी बीएड बेरोजगारों को उत्तराखण्ड बंद में अपना सहयोग करने का आह्वान किया है । बैठक में अभिषेक भट्ट मनोज रावत संगीता शाह प्रीति रेखा आदि अनेक पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

### फौजी बता कार बेचने की डील कर दो लाख ठगे

देहरादून। ऑन लाइन पोर्टल ओएलएक्स पर कार बेचने की डील कर 2.03 लाख रुपये ठग लिए गए।

नेहरू कॉलोनी थानाध्यक्ष लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि धोखाधड़ी को लेकर दयानंद सेमवाल निवासी निकट कांजी हाउस, गढवाल सभा ने केस दर्ज कराया। कहा कि उन्होंने ओएलएक्स पर एक कार बिक्री की पोस्ट देखी।

## एक नजर

### नाटक के जरिए महिला शोषण पर दिखाया आईना

देहरादून। सामाजिक संगठन अस्तित्व और भारत ज्ञान विज्ञान समिति की ओर से आयोजित विचार गोष्ठी में महिला समूहों ने नाटक के जरिए कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन शोषण पर समाज को आईना दिखाया। उत्तरांचल प्रेस क्लब में रविवार को सामाजिक लिंग आधारित गैर बराबरी और हिंसा के विरुद्ध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सौ करोड़ के बढ़ते कदम अंतरराष्ट्रीय अभियान के तहत आयोजित हुआ। संगोष्ठी में पूरी दुनिया में महिला हिंसा के विरुद्ध, आजादी, सामाजिक न्याय, शांति, समानता के पक्ष में वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर समता महिला समूहों द्वारा महिलाओं की शिक्षा, कार्य स्थल पर कामकाजी महिलाओं का योन शोषण पर आधारित नाटक ए लड़की की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं, दूसरी प्रस्तुति में बीजीवीएस समता ग्रुप की युवतियों ने सामाजिक लैंगिक भेदभाव आधारित नाटक की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन समता की सचिव डा. उमा भट्ट, दीपा कुशलं, सीमा, सुनीता, मालती हलधर, विजय भट्ट, एसएस रावत, सतीश धौलाखंडी, इंद्रेश नौटियाल, सुप्रिय बहुखंडी, प्रियंका, मनीषा लक्ष्मी, विजेता, शाहना, वैजयंती आदि मौजूद थे।

### बाहरी वाहनों के ऋषिकेश से संचालन रोकने की मांग

ऋषिकेश। गढ़वाल मंडल टैक्सी चालक एवं मालिक एसोसिएशन ऋषिकेश ने प्राइवेट वाहनों के व्यावसायिक संचालन और बाहरी वाहनों का ऋषिकेश से संचालन रोकने की मांग शासन–प्रशासन से उठाई है। प्रभावी कार्रवाई न होने पर एसोसिएशन ने आंदोलन का ऐलान किया है। रविवार को संयुक्त यात्रा बस अड्डा परिसर स्थित कार्यालय में गढ़वाल मंडल टैक्सी चालक एवं मालिक एसोसिएशन ऋषिकेश की बैठक में अध्यक्ष विजय पाल सिंह रावत ने कहा कि प्राइवेट वाहनों के व्यावसायिक संचालन पर रोक लगाने, डग्गामारी रोकने और अन्य प्रांत के वाहनों का ऋषिकेश से संचालन रोकने के लिए आंदोलन किया जाएगा।

## रिटायरमेंट के दिन ही मिलेंगे पेंशनर्स को लाभः ध्यानी

देहरादून। पिटकुल में रिटायरमेंट के दिन ही पेंशनर्स को सभी लाभ सुनिश्चित करा दिए जाएंगे। विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तरांचल के महाधिवेशन में एमडी पिटकुल ने पेंशनर्स को विश्वास दिलाया कि उनकी मांगों, समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता पर समाधान कराया जाएगा।

इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स देहरादून के सभागार में आयोजित महाधिवेशन में एमडी पिटकुल ने कहा कि पेंशनर्स हमारे अभिन्न अंग हैं। उनके लंबे अनुभव का लाभ तीनों निगमों को मिलता रहेगा। ऐसे में पेंशनर्स की मांगों, समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता पर समाधान कराया जा रहा है। ये सुनिश्चित कराया जा रहा है कि अवकाश नगदीकरण समेत दूसरे लाभ रिटायरमेंट वाले ही दिन मिल जाएं। 15 दिन के भीतर पेंशन के कागज ट्रेजरी को हर हाल में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। व्यवस्थाओं का सरलीकरण किया जा रहा है।

पेंशनर्स ने मेडिकल अलाउंस मिलने में पेश आ रही दिक्कतों का समाधान करने की मांग की। 80 वर्ष के बाद मिलने वाले लाभ सुनिश्चित कराए जाएं। इंसारुल हक ने कहा कि पारिवारिक पेंशनर्स को सबसे अधिक दिक्कतें आ रही हैं। उम्र दराज महिला पारिवारिक पेंशनर्स की समस्याओं का समय पर समाधान नहीं हो पाता। पेंशनर्स को एरियर की किश्तों का भुगतान नहीं हुआ है। पुरानी पेंशन को भी तत्काल बहाल किया जाए।

इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष आरपी थपलियाल, महासचिव जीएस जैन, यूजेवीएनएल निदेशक परियोजना एससी बलूनी, निदेशक वित्त सुधाकर बडोनी, एसके रस्तोगी, जीएन कोठियाल, हरप्रसाद गुप्ता, मेघ बहादुर थापा, जेपीएस तोमर, ललित मोहन डोबरियाल, एसपी ममगाई, विष्णु प्रसाद गुप्ता, एसपी नैथानी, एसके जैन, अजय गर्ग, मधुसूदन चंदोला, सुमन प्रकाश, एमडी शर्मा, गोविंद शाही मौजूद रहे।

पेंशनर्स का हुआ सम्मानः महाधिवेशन में पचहत्तर वर्ष की उम्र पूरी कर चुके पेंशनर्स का अभिनंदन किया गया। 93 वर्षीय विष्णु प्रसाद गुप्ता और 90 वर्षीय एसएन नैथानी का भी अभिनंदन किया गया। नई कार्यकारिणी का गठनः महाधिवेशन नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। अध्यक्ष आरपी थपलियाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसके जैन, उपाध्यक्ष मधुसूदन चंदोला, हरप्रसाद, महासचिव ज्ञानस्वरूप जैन, अतिरिक्त सचिव मेघ बहादुर चुने गए।

### राजधानी दून में हुई 72 परीक्षा केंद्रों पर पटवारी परीक्षा

देहरादून। राजस्व उप निरीक्षक (पटवारी–लेखपाल) भर्ती परीक्षा–2022 की लिखित परीक्षा देहरादून जिले में 72 परीक्षा केंद्रों पर हुई। पुलिस–प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा–व्यवस्था में परीक्षा संपन्न कराई। देहरादून में लगभग 60 फीसदी अभ्यर्थी ही पेपर देने पहुंचे। प्रशासन के अनुसार, जिले में शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न हुई। भर्ती परीक्षा के लिए आठ जोनल और 29 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए। परीक्षा केंद्रों के लिए आठ सीओ, 14 एसएचओ, 72 सब इंस्पेक्टर सहित 360 पुलिस जवानों की ड्यूटी रही। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पांच पुलिसकर्मी तैनात रहे। जिले में 28584 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 17196 ने परीक्षा दी।

## भाड़ा नहीं मिलने से राशन विक्रेताओं में रोष

विकासनगर। जौनसार बावर सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संगठन कालसी ब्लॉक की बैठक में राशन भाड़ा नहीं मिलने से रोष व्याप्त है। राशन विक्रेताओं ने जल्द लंबित भाड़ा भुगतान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। रविवार को हरिपुर एक होटल में आयोजित बैठक में राशन विक्रेताओं ने सरकार की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जाहिर की। संगठन के कालसी ब्लॉक अध्यक्ष बीएस तोमर ने कहा कि पांच माह से उन्हें नियमित राशन ढुलान का भाड़ा नहीं मिला है। जबकि निशुल्क वितरित की जाने वाली राशन के ढुलान का भाड़ा बीते सात माह से लंबित है। कई गांवों में घोड़े खच्चरों के माध्यम से राशन पहुंचाया जाता है, ऐसे में राशन विक्रेताओं के सामने भाड़ा देने की समस्या पैदा हो गई है। कहा कि शुरुआती दो माह तक अपने घर से भाड़ा चुकाया, लेकिन अब भाड़ा देना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में भविष्य में गोदाम से राशन उठाने का संकट पैदा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाह कार्यप्रणाली का खामियाजा राशन विक्रेताओं के साथ ही गरीब जनता को भी भुगतना पड़ रहा है। भाड़ा नहीं मिलने के कारण राशन नहीं उठाया जाएगा। राशन विक्रेताओं के पास राशन नहीं पहुंचने से अंत्योदय, बीपीएल परिवारों को निशुल्क राशन मिलना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कई बार लंबित भाड़ा दिए जाने की गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन जिम्मेदार इस ओर लापरवाह बने हुए हैं। इसके साथ ही बैठक में निशुल्क वितरित किए जाने वाले राशन को गोदाम से तौल कर लिए जाने का निर्णय लिया गया। विक्रेताओं ने कहा कि गोदाम से बिना तौले राशन उठाए जाने से घटतौली हो रही है। इस दौरान चंदन सिंह, सुंदर सिंह, चतर चौहान, महेंद्र सिंह, श्याम सिंह, अखिल कुमार, चतर शर्मा, मुकुंदीराम भट्ट, सूरत सिंह, अमर सिंह, कुंवर सिंह आदि मौजूद रहे।

### किमाड़ी रोड पर पर्यटकों की कार में लगी आग

देहरादून। हरियाणा से घूमने आए युवकों की कार में किमाड़ी रोड पर आग लग गई। आग से कार पूरी जल गई। इंस्पेक्टर कैंट विनय कुमार सैनी ने बताया कि हरियाणा के जिंद जिले के निवासी जयवीर और नरेश दून घूमने आए थे। वह रविवार शाम किमाड़ी रोड से गुजर रहे थे। अचानक कार का टायर फटा और कार सड़क किनारे पैराफिट से टकरा गई।

## भाजपा की जिला कार्यसमिति का समापन



रुड़की। भाजपा की जिला कार्यसमिति की बैठक में पार्टी नेताओं ने सरकार के कामकाज के साथ ही उपलब्धियों को पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सामने रखा। दो दिवसीय कार्यसमिति में जिला और मंडल इकाई के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को तीन चरणों में प्रशिक्षण भी दिया गया। लक्सर में शनिवार को भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक शुरू हुई थी। कार्यसमिति में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को तीन चरणों में प्रशिक्षण दिया गया। पहले चरण में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने प्रदेश सरकार के काम गिनाए। कहा प्रदेश में 100 नए आंचल कैफे खोले जा रहे हैं। प्रसव के लिए मैदानी क्षेत्र के अस्पतालों में आने वाली पर्वतीय क्षेत्र की गर्भवतियों के लिए बर्थ वेटिंग होम बनाए जा रहे हैं। आपदा या महामारी से अनाथ बच्चों की शिक्षा के लिए मुख्यमंत्री बालश्रम योजना शुरू की गई है। दूसरे चरण में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, अटल आयुष्मान योजना के बारे में जानकारी दी। तीसरे चरण में हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने केंद्र सरकार की योजनाएं बताई।

## सीएम के विरोध में काले झंडे दिखाए



विकासनगर। जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय किशोर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बाड़वाला पुल पर बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्कामुक्की भी हुई। पुलिस के सख्ती करने पर कांग्रेसी बाड़वाला पुल के पास ही धरने पर बैठ गए और सीएम के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। करीब आधा घंटा तक कांग्रेसियों ने जमकर हंगामा काटा, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करते हुए बस में बिठाकर बाजार पुलिस चौकी ले आए। कालसी थाना पुलिस ने युवा कांग्रेस के चकराता ब्लॉक अध्यक्ष अरुण डोभाल समेत करीब एक दर्जन कार्यकर्ताओं को रविवार सुबह ही गिरफ्तार कर लिया था, जिन्हें मुख्यमंत्री का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद छोड़ दिया गया। आर्यन संगठन ने किया विरोधः बेरोजगार युवाओं पर किए गए लाठीचार्ज से आक्रोशित आर्यन संगठन के कार्यकर्ताओं ने भी विरोध में काले झंडे दिखाए।

## कलियर विधायक ने किया निर्माणाधीन स्टील गार्डर पुल का निरीक्षण



रुड़की। कलियर विधायक हाजी फुरकान अहमद ने नई गंगनहर पर बन रहे निर्माणाधीन स्टील गार्डर पुल का निरीक्षण कर अधिकारियों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पिरान कलियर विधायक हाजी फुरकान अहमद कलियर पहुंचे। जहां उन्होंने नई गंगनहर पर बन रहे स्टील गार्डर पुल का निरीक्षण कर अधिकारियों से वार्ता की और निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। विधायक हाजी फुरकान अहमद ने बताया कि नई गंगनहर पर स्टील गार्डर पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। पुल लगभग बनकर तैयार हो चुका हैं। जिसके एप्रोच का कार्य किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने उन्हें जानकारी दी थी कि निर्माण एजेंसी कांवड़ पटरी वाली एप्रोच को रहमतपुर की ओर जाने वाले कोर कॉलेज रोड से नहीं मिला रही है।

### लक्सर में स्वामी दयानंद की 220वीं जयंती मनाई

रुड़की। लक्सर में रविवार को स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर हवन यज्ञ का आयोजन भी किया गया। ईश्वर की स्तुति, प्रार्थना और गायत्री मंत्र से जयंती के कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके पश्चात हवन यज्ञ किया गया। यज्ञ में आर्य समाज के पदाधिकारियों व अन्य लोगों ने आहुति डालकर पूरी दुनिया में शांति और सद्भाव कायम रखने की प्रार्थना की। इसके बाद एलईडी पर दिल्ली इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से स्वामी दयानंद की जयंती पर ज्ञान ज्योति पर्व के तौर पर दो वर्ष के विश्वव्यापी कार्यक्रमों की घोषणाओं को देखा गया। आर्य समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि स्वामी दयानंद महान संत थे। भारत में ही नहीं विदेशों में भी लोग उनकी पूजा करते हैं।

## कब्जे के विवाद में मंगलौर में पुलिस ने लाठियां बरसाई

रुड़की। सरकारी भूमि पर कब्जे को लेकर दो पक्ष आपस में उलझ पड़े। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाठियां फटकार कर भीड़ को तितर–बितर किया। पुलिस ने मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया है। शहर पुलिस चौकी से करीब सौ मीटर की दूरी पर सरकारी भूमि खाली पड़ी है। जिस पर पहले नगरपालिका का अधिकार था। बाद में सरकार के आदेश पर जमीन का स्वामित्व हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण को दे दिया गया।

करोड़ों रुपये की इस भूमि पर भू माफिया की पहले से नजर है। इसके कुछ भाग पर पिछले दिनों कब्जा भी हो चुका था। जिस पर नगर पालिका ने आपत्ति दर्ज की गई थी। भूमि पर रविवार को एक बार फिर कब्जे का प्रयास किया गया। रविवार को मोहल्ला मलकपुरा निवासी कुछ लोग जमीन पर कब्जा करने की नियत से वहां जेसीबी से खुदाई करने लगे। सूचना पर मोहल्ला किला निवासी दूसरे पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए और विवाद होने लगा।

# रियल मैड्रिड ने अल हिलाल को हराकर पांचवीं बार फीफा क्लब विश्व कप जीता



मोरक्को ,। स्पेन के रियल मैड्रिड ने पांचवी बार फीफा क्लब विश्व कप अपने नाम किया, उसने फाइनल मुकाबले में सऊदी अरब के अल हिलाल को हराकर यह खिताब जीता है।

फाइनल मुकाबला मोरक्को की राजधानी रबात के प्रिंस मौले अब्दुल्लाह स्टेडियम में खेला गया और जिसमें रियल मैड्रिड ने अल हिलाल को 5–3 से हराया।

स्पेनिश टीम के लिए विनिसियस जूनियर और फेडे वालवरडे ने दो–दो गोल दागे, जबकि दूसरे हाफ में 5वां गोल करीम बेंजेमा ने किया। अल हिलाल के लिए लुसियानो वीटो और मौसा मरेगा ने गोल किया।

स्पेनिश के कप्तान एंसेलोटी की टीम सऊदी अरब के अल हिलाल पर शुरू से अंत तक हावी रही और खेल के 20 मिनट के भीतर विनी जूनियर और वाल्वरडे के दो गोल की मदद से मैच में शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद प्रतिद्वंदी टीम के खिलाड़ी मारेगा ने 26वें मिनट में एक गोल कर स्कोर के अंतर को कम किया, लेकिन ब्रेक के बाद रियल मैड्रिड ने खेल के 54वें मिनट में बेंजेमा और 58वें मिनट में वाल्वरडे के गोल ने मैच को अपने टीम के पक्ष में कर लिया। एक बार फिर प्रतिद्वंदी टीम ने पलटवार किया और वीटो ने खेल के 64वें मिनट में अपनी टीम के लिए एक गोल किया। इसके बाद विनी जूनियर ने खेल के 69वें मिनट में एक और गोल कर तीसरा गोल किया और स्कोर को 5–3 तक ले आए लेकिन अपनी हार को न बचा सके।रियल मैड्रिड ने कल पांचवीं बार फीफा क्लब विश्व कप जीता, इससे पहले वह 2014, 2016, 2017 और 2018 में भी यह खिताब अपने नाम कर चुका है।

## भारत में पहली बार हुई फॉमुर्ला–ई–रेस, दिग्गज खिलाड़ी जीन एरिक ने जीता खिताब




नई दिल्ली । डीएस पेंसके के अनुभवी ड्राइवर जीन एरिक वर्गेन ने हैदराबाद ई प्री में जीत हासिल की। इस फॉर्मूला ई रेस से भारत में शीर्ष स्तर की मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता की सफल वापसी हुई। इस 33 लैप की इलेक्ट्रिक रेस में वर्गेन को एन्विसन रेसिंग के निक कैसिडी से कड़ी चुनौती मिली लेकिन वह आखिर में उन्हें पीछे छोडऩे में सफल रहे। जब वर्गेन फिनिशिंग लाइन के पास पहुंचे तब उनकी गाड़ी में केवल 0।5प्रतिशत एनर्जी बची हुई थी। पोर्श के एंटोनियो फेलिक्स दा कोस्टा ने तीसरा स्थान हासिल किया। उन्हें सेबेस्टियन बइमी पर लगे 17 सेकेंड के जुर्माने का फायदा मिला। अपनी पहली घरेलू रेसिंग में भाग ले रही महिंद्रा रेसिंग को ओलिवर रोलैंड ने एक अंक दिलाया। वह दसवें स्थान पर रहे। जीत के बाद वर्गेन ने कहा, ह्यमैं अपनी टीम के लिए काफी खुश हूं। ये तीन रेस काफी मुश्किल थीं। मुझे अपनी टीम पर गर्व है जिन्होंने हार नहीं मानी। हमारे पास अच्छी गाड़ी है। ये फिलहाल शायद बेस्ट नहीं है लेकिन हम इस बार और काम करेंगे। आयोजकों के लिए इस रेस का आयोजन करना आसान नहीं था। उनके पास समय की काफी कमी थी। पिछले साल नवंबर में ही ऐलान किया गया था कि हैदराबाद में ई रेस का आयोजन किया जाएगा। सरकार और आयोजकों ने इसके बाद जी जान लगाकर इस इवेंट का सफल आयोजन किया।

# जीत के साथ वापसी करना सुखद अहसास है : जडेजा




नागपुर ,। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत की जीत के अहम किरदार रविन्द्र जडेजा ने कहा कि पांच महीने क्रिकेट से दूर रहने के बाद टीम की जीत में योगदान देना आश्चर्यजनक मगर सुखद अहसास है।

प्लेयर आफ द मैच जडेजा ने कहा पांच महीने के बाद गेंद और बल्ले से अपना शत प्रतिशत देना अद्भुत लग रहा है। जब मैं एनसीए में था, तब मैं कड़ी मेहनत कर रहा था, अपना रिहैब भी कर रहा था। एनसीए के सभी कर्मचारी, फिजियो, ट्रेनर मेरे साथ कड़ी मेहनत कर रहे थे।

उन्होने कहा मैं अच्छे क्षेत्रों में गेंदबाजी करना चाहता था, गेंद स्पिन कर रही थी, गेंद सीधी जा रही थी और नीची भी रख रही थी। मुझे पता है कि ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्वीप और रिवर्स स्वीप खेलना पसंद करते हैं जिसका मैने फायदा उठाया। बल्लेबाज के तौर पर मै बहुत ज्यादा बदलाव नहीं करता।

मैं अब अपनी बल्लेबाजी पर अधिक ध्यान केंद्रित करता हूं क्योंकि यह महत्वपूर्ण संख्या है।

गौरतलब है कि रविन्द्र जडेजा ने आस्ट्रेलिया की पहली पारी में पांच विकेट चटकाये थे जिसके बाद उन्होने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुये 70 रनो का योगदान दिया था। आस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में भी उन्होने 34 रन खर्च कर दो अहम खिलाडियों को आउट करने में सफलता हासिल की थी। भारत यह मैच पारी और 132 रनों से जीत गया है।

# पहली पारी में कम रन बनाना भारी पड़ा : कमिंस



नागपुर । भारत के खिलाफ पहला टेस्ट पारी और 132 रन से गंवाने के बाद आस्ट्रेलिया टेस्ट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि भारत जीत का हकदार था। पहली पारी में उनके बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन ने टीम पर दवाब बढ़ाया जो अंततः हार का कारक बना।

कमिंस ने कहा पहली पारी में विकेट टर्न ले रहा था मगर बल्लेबाजों के लिये अपेक्षाकृत आसान था। पहली पारी में हमारे बल्लेबाजों ने कम रन जोड़े। अगर हम बनाये गये रनों में 100 या उससे अधिक का इजाफा कर लेते तो हमे दूसरी पारी में अधिक दवाब का सामना नहीं करना पड़ता।

उन्होने कहा जब विकेट घूम रहा होता है तो स्पिनर के खिलाफ हमेशा कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। भारतीय कप्तान ने अपनी क्लास दिखायी को हमेशा कड़ी मेहनत करने वाले होते हैं और सोचा कि रोहित ने अपनी क्लास दिखाई। वह वास्तव में महान बल्लेबाज हैं। दूसरी पारी में भी हमारे तीन से चार बल्लेबाज जल्दी ही पवेलियन लौट गये जिसका असर निचले क्रम पर पड़ा।

टॉड मर्फी की तारीफ करते हुये आस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा उसका पदार्पण शानदार था। वह बहुत प्रभावशाली रहा है। उसने अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। उसने काफी ओवर फेंके और भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया।

# नागपुर में बनाया शतक याद रहेगा : रोहित




नागपुर । आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की श्रृखंला के पहले मैच में जीत का श्रेय गेंदबाजों को देते हुये भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि टीम की जीत में मददगार रहा उनका शतक उन्हे हमेशा याद रहेगा।

रोहित ने कहा हमारे लिए अच्छी शुरुआत करना महत्वपूर्ण था। हम जानते हैं कि इस तरह की श्रृंखला खेलना महत्वपूर्ण है। मैं खुश हूं कि ऐसा प्रदर्शन कर सका जिससे टीम को मदद मिल सके। वाकई यह एक विशेष शतक था।

उन्होने कहा कभी कोविड तो कभी चोटिल होने के कारण मुझे कुछ टेस्ट गंवाने पड़े। जब आप लंबे समय तक खेलते हैं तो ऐसी चीजें हो सकती हैं, लेकिन मुझे अतीत में चोटें आई हैं इसलिए जानता हूं कि कैसे वापसी करनी है। टीम में वापस आकर खुशी हुयी।

भारतीय कप्तान ने कहा हमारी स्पिन गेंदबाजी में गुणवत्ता है मगर हमें तेज गेंदबाजों को भी नहीं भूलना चाहिये। वे उन परिस्थितियों का फायदा उठाना जानते हैं। मुझे खुशी है कि हमारे सभी बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया, 400 रन बनाए और पर्याप्त बढ़त हासिल की जिसके बाद स्पिनरों ने अहम भूमिका निभाई।

## स्मृति मंधाना पाकिस्तान के खिलाफ टी–20 मुकाबले से बाहर



मुबंई । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना उंगली में चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले टी20 विश्व कप के पहले मैच से बाहर हो गई हैं।

टीम के कार्यवाहक कोच हृषिकेश कानिटकर ने बताया कि स्मृति की उंगली में फ्रैक्चर नहीं है, जिसका मतलब है कि स्टार बल्लेबाज के 15 फरवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे मुकाबले में खेलने की संभावना बरकरार है। भारतीय टीम के लिये संतोष की बात यह है कि कंधे की चोट से जूझ रही कप्तान हरमनप्रीत कौर को फिट घोषित किया गया है। हरमनप्रीत को वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान कंधे में चोट लग गई थी। कानिटकर ने मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा हरमन खेलने के लिए फिट है। उसने पिछले दो दिनों से नेट्स में बल्लेबाजी की है, वह ठीक है। स्मृति को उंगली में चोट लगी है और वह अभी भी चोट से उबर रही है, इसलिए वह नहीं खेल पाएगी। यह फ्रैक्चर नहीं है और हमें उम्मीद है कि वह दूसरे गेम से उपलब्ध होगी।

# फिल्मी सफर

# दीपिका–प्रभास की प्रोजेक्ट के दो भागों में होगी रिलीज, बाहुबली की तर्ज पर बन रही फिल्म



दीपिका पादुकोण और प्रभास जल्द ही पैन इंडिया फिल्म प्रोजेक्ट के में दिखेंगे। इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है क्योंकि इसके जरिए दीपिका–प्रभास पहली बार साथ काम कर रहे हैं, वहीं फिल्म में अमिताभ बच्चन भी हैं, जो इसे लेकर दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ाते हैं। अब खबर है कि यह फिल्म बाहुबली की तरह भव्य होगी और इसे भी दो भागों में रिलीज करने की योजना है।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोजेक्ट के को बनाने की निर्देशक की सोच बहुत बड़ी है, जिसके चलते इसे दो भागों में रिलीज करने का फैसला किया गया है। यह बाहुबली की तरह होगी और भारतीय सिनेमा की बड़ी फिल्म होगी। वैजयंती मूवीस फिल्म का निर्माण कर रही है, जिसके सिनेमा निर्माण में 50 साल पूरे हो रहे हैं। पहले भाग की शूटिंग पूरी हो गई है। फिलहाल दूसरे भाग की शूटिंग की जा रही है। दोनों अलग–अलग समय पर रिलीज होंगे।


मूल रूप से यह तेलुगु में बन रही है, जिसे ना सिर्फ हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में, बल्कि अंग्रेजी भाषा में भी रिलीज करने की योजना है। इस फिल्म में अमिताभ की भूमिका महाभारत के अश्वत्थामा से प्रेरित है, वही प्रभास एक सुपरहीरो के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में ऐसे विजुअल दिखाए जाएंगे, जिन्हें पहले कभी नहीं देखा गया। यह तीसरे विश्व युद्ध की संभावना पर आधारित है। फिल्म के निर्देशक और लेखक नाग अश्विन हैं।

नाग अश्विन एक लोकप्रिय फिल्म निर्देशक और स्क्रीनराइटर हैं। उन्होंने 2018 में महानती नाम की एक सुपरहिट तेलुगु फिल्म निर्देशित की थी। इसके लिए अश्विन को बेस्ट डायरेक्टर का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला था। महानती को बेस्ट फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है।

प्रोजेक्ट के से दीपिका तेलुगु सिनेमा में पदार्पण कर रही हैं। उन्होंने कन्नड़ फिल्म ऐश्वर्या से 2006 में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। 2014 में दीपिका ने फिल्म कोचादइयां से तमिल फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। अब प्रोजेक्ट के से वह तेलुगु फिल्मों में कदम बढ़ा रही हैं। इस फिल्म से उनकी पहली झलक भी सामने आ चुकी है, जिसे इसी साल जनवरी में दीपिका के जन्मदिन के मौके पर सोशल मीडिया पर साझा किया गया था।

पठान के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की अगली फिल्म में भी प्रभास मुख्य भूमिका निभाएंगे। आदिपुरुष उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल है। वह फिल्म सालार लेकर आ रहे हैं। स्पिरिट भी प्रभास की आगामी चर्चित फिल्मों में शुमार है। दूसरी तरफ दीपिका हाल ही में ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान लेकर आई हैं। वह फाइटर में भी काम कर रही हैं, जिसमें उनकी जोड़ी ऋतिक रोशन के साथ बनी है। दीपिका फिल्म सिंघम अगेन में दिखेंगी। वह ब्रह्मास्त्र 2 का हिस्सा भी हैं।

## फिल्म शहजादा का गाना कैरेक्टर ढीला है 2.0 रिलीज, कार्तिक ने दिया सलमान खान को सम्मान



बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आनेवाली फिल्म शहजादा के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में कार्तिक के साथ कृति सेनन भी नजर आने वाली हैं। इस फिल्म की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच फिल्म का नया गाना रिलीज कर दिया गया है। इस गाने का टाइटल है कैरेक्टर ढीला 2.0। गाने में कार्तिक का स्वैग लुक साफ नजर आ रहा है। वहीं गाने के वीडियो में एक ट्यून पर एक्टर अपने सनग्लासेस के साथ खेलते हुए नजर आ रहे है। 2 मिनट 36 सेकेंड के इस गाने को महज 20 मिनट में 1 लाख 85 हजार से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। यह गाना ओरिजिनल में सलमान खान का है, ऐसे में इस गाने के जरिए कार्तिक भाईजान को भी ट्रिब्यूट देते नजर आ रहे हैं।

कैरेक्टर ढीला है 2.0 गाने का ओरिजिनल वर्जन सलमान खान का है। यह गाना फिल्म रेडी में था, जिसे सलमान और जरीन खान पर फिल्माया गया था। इस गाने को रिलीज हुए 11 साल हो गए। वहीं इसके वीडियो पर 132 मिलियन से भी ज्यादा व्यूज आ चुके हैं।काम की बात करें तो कार्तिक आर्यन आखिरी बार फिल्म भूल भुलैया 2 में नजर आए थे, जिसमें भी उन्होंने अक्षय कुमार के हिट सॉन्ग को रिक्रिएट किया था। इसके अलावा एक्टर को ओटीटी रिलीज फिल्म फ्रेडी में भी देखा गया। इसके अलावा कार्तिक जल्द ही फिल्म शहजादा, कैप्टन इंडिया और सत्यप्रेम की कथा में नजर आने वाले हैं।

# छोरी 2 से नुसरत भरूचा और सोहा अली खान का फर्स्ट लुक जारी




अभिनेत्री नुसरत भरूचा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म छोरी 2 को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 2021 में आई छोरी का सीक्वल है। अब बुधवार को निर्माताओं ने फिल्म से नुसरत और सोहा अली खान का फर्स्ट लुक जारी किया है। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर पहली तस्वीर साझा करते हुए नुसरत ने लिखा, आप कहां हैं? क्या आप इसके लिए तैयार हैं। वहीं दूसरी तस्वीर के कैप्शन में उन्होंने लिखा, छोरी 2 के सेट से एक विशेष झलक।

अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध हैं छोरी

नुसरत ने छोरी 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। विशाल फुरिया द्वारा निर्देशित छोरी 2021 में ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। यह 2017 की मराठी फिल्म लापाछ्पी की रीमेक है। छोरी में नुसरत ने एक गर्भवती महिला की भूमिका निभाई थी और कन्या भ्रूण हत्या जैसे सामाजिक मुद्दे को उजागर किया था। टी–सीरीज, क्रिप्ट टीवी और अबुंदंतियां एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित छोरी–2 की कहानी वहीं से शुरु होगी जहां फिल्म छोरी की कहानी का इंड हुआ था। फिल्म में नुसरत भरूचा एक बार फिर साक्षी के किरदार में नजर आएंगी। गुलशन कुमार और टी–सीरीज द्वारा प्रस्तुत फिल्म छोरी–2 को भूषण कुमार, कृष्णा कुमार, विक्रम मल्होत्रा और जैक डेविस ने प्रोड्यूस किया है।

## करीना कपूर हैं मेरी इंस्पिरेशन, जानिए क्यों ऐसा बोली नेहा मर्दा?



टीवी की मशहूर अभिनेत्री नेहा मर्दा ने अपने प्रेगनेंसी की खबर प्रशंसकों संग शेयर की है। शादी के 10 वर्ष पश्चात् अपने मदरहुड को एंजॉय कर रहीं नेहा इन दिनों अपने ससुराल पटना में समय गुजार रही हैं। इसी बीच नेहा ने हमसे अपनी प्रेगनेंसी और फ्यूचर प्लान्स पर ढेर सारी बातचीत की है।

नेहा ने कहा, ये ऐसा इमोशन है, जिसे बयां किया ही नहीं जा सकता है। मुझे कभी नहीं पता था कि मैं मां बनूंगी। क्योंकि कभी इसे लेकर महत्वाकांक्षी नहीं रही। कभी ऐसी कोई फीलिंग थी ही नहीं। चूंकि अब जब मां बनने जा रही हूं तो मुझे ऐसा लगता है कि इससे शानदार एहसास कभी जिंदगी में महसूस ही नहीं किया है। मैं इतने लंबे वक्त से एक बहुत ही खूबसूरत इमोशन को मिस किया था। उस समय लोग बोलते थे कि मां बनने के बाद औरत अपने आप में पूरी हो जाती है। तो लोगों को देने के लिए मेरे पास बहुत से तर्क होते थे। मैं बोला करती थी कि अरे मैं तो पूरी हूं। अब इस प्रोसेस से गुजर रही हूं, तो उनकी बातें सही लगने लगी हैं। निशब्द हूं।

आगे नेहा कहती हैं, अपने अंदर एक आत्मा को पनपते हुए महसूस करना। जब बेबी किक करता है, तो दिल में बहुत खुशी होती है। चौथे महीने तक ये समझ नहीं आता कि आप कहां तक पहुंचने वाले हो मगर पांचवे महीने में समझते हैं कि जिंदगी इससे अधिक खूबसूरत नहीं हो सकती है। ईश्वर ने हम औरतों को यह अवसर दिया है कि हम गर्व से कह सकते हैं कि हम ह्यूमन क्रिएट करते हैं। इससे हम बिना किसी वजह के स्वयं को पावरफुल समझने लगते हैं। हालांकि प्रेगनेंसी की जर्नी उतनी सरल नहीं है मगर खूबसूरत जरूर है। कई बार मुश्किल लगता है कि कैसे सबकुछ हो पाएगा मगर साथ में एक अजीब सी खुशी भी होती है। अपने इस प्रेगनेंसी के राह में नेहा, करीना कपूर खान को अपना इंस्पीरेशन मानती हैं। इस पर नेहा बोलती हैं, करीना कपूर ने वर्किंग महिलाएं को विशेष तौर पर अभिनेत्री की प्रेगनेंसी को काफी कूल कर दिया है. ग्लैमराइज कर दिया है। पहले एक्ट्रेसेज प्रेगनेंसी के चलते गायब सी हो जाती थीं मगर करीना ने सारे स्टीरियोटाइप को तोड़ा है. उनके कारण ही हम जैसी अभिनेत्रियों को भी एक करेज मिला है कि हम अपनी प्रेगनेंसी और इस जर्नी को छुपाने की जगह प्रशंसकों से शेयर करते हैं।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338